


Chapter
# 27
# एल्डिहाइड एवं कीटोन

## परिचय (Introduction)

कार्बोनिल यौगिक दो प्रकार के होते हैं एल्डिहाइड एवं कीटोन। दोनों में ही कार्बन-ऑक्सीजन द्विबन्ध होता है एवं ये कार्बोनिल यौगिक कहलाते हैं

$$—\overset{\overset{O}{||}}{C}—$$

कार्बोनिल समूह

एल्डिहाइड और कीटोन दोनों का ही सामान्य सूत्र $C_nH_{2n}O$ है

**संरचना :** कार्बोनिल कार्बन परमाणु $\sigma$ बन्ध द्वारा तीन अन्य परमाणुओं से जुड़ा रहता है। चूँकि ये बन्ध $sp^2$-कक्षक प्रयुक्त करते हैं एवं इसलिये ये एक दूसरे से 120° के कोण पर एक ही तल में स्थित होते हैं। कार्बन-ऑक्सीजन द्विबन्ध कार्बन-कार्बन द्विबन्ध की तुलना में भिन्न होता है। चूँकि ऑक्सीजन अधिक ऋणविद्युती होता है, इसलिये बन्ध के इलेक्ट्रॉन ऑक्सीजन की ओर आकर्षित होते हैं फलस्वरूप ऑक्सीजन पर आंशिक ऋणावेश एवं कार्बन पर आंशिक धनावेश आ जाता है जो बन्ध को ध्रुवीय बना देता है। $>\overset{\delta+}{C}=\overset{\delta-}{O}$ के उच्च द्विध्रुव आघूर्ण (2.3 – 2.8D) को प्रेरणिक प्रभाव के आधार पर नहीं समझाया जा सकता और इस तरह, यह प्रस्तावित किया गया कि कार्बोनिल समूह निम्न दो संरचनाओं का अनुनादी संकर है।

$$>C=O \longleftrightarrow >\overset{+}{C}-\overset{-}{O}$$




## कार्बोनिल यौगिक बनाने की विधियाँ (Preparation of carbonyl compounds)

(1) **एल्कोहल से :** (i) प्राथमिक एवं द्वितीयक एल्कोहल ऑक्सीकरण पर क्रमशः एल्डिहाइड एवं कीटोन देते हैं

$$\underset{\text{द्वितीयक एल्कोहल}}{R-\overset{\overset{OH}{|}}{C}H-R'} \xrightarrow[\text{ऑक्सीकारक}]{\text{मंद}} \underset{\text{कीटोन}}{R-\overset{\overset{O}{||}}{C}-R'}$$

$$\underset{\text{प्राथमिक एल्कोहल}}{R-CH_2-OH} \xrightarrow[\text{ऑक्सीकारक}]{\text{मंद}} \underset{\text{एल्डिहाइड}}{R-\overset{\overset{O}{||}}{C}-H}$$

क्षीण ऑक्सीकारक निम्न हैं

(a) $X_2$ (हैलोजन) (b) फेण्टॉन अभिकर्मक ( $FeSO_4 + H_2O_2$ )

(c) $K_2Cr_2O_7/\overset{\oplus}{H}$ (d) जॉन्स अभिकर्मक

(e) सेरेट अभिकर्मक (f) $MnO_2$

(g) एल्यूमीनियम तृतीयक ब्यूटॉक्साइड [ $Al(-O-C(CH_3)_3)_3$ ]

❑ *जब द्वितीयक एल्कोहल को एल्यूमीनियम तृतीयक ब्यूटॉक्साइड $[(CH_3)_3CO]_3Al$ द्वारा कीटोन में ऑक्सीकृत किया जाता है तो अभिक्रिया को ओपेनार ऑक्सीकरण कहते हैं। इस अभिकर्मक द्वारा असंतृप्त द्वितीयक एल्कोहल को भी असंतृप्त कीटोन में ऑक्सीकृत किया जा सकता है (द्विबन्ध को प्रभावित किये बिना)।*

❑ *इस विधि से प्राप्त एल्डिहाइड की मात्रा सामान्यतः कम होती है। एलिल एल्कोहल को ऑक्सीकारक पिरिडीनियम क्लोरो प्लेटिनेट ($C_5H_5NH^+CrO_3Cl^-$) के साथ अभिकृत कर एल्डिहाइड में परिवर्तित कर सकते हैं। इसे **कोलिन** (Collin's) **अभिकर्मक** कहते हैं । इस अभिकर्मक को निर्जलीय विलायकों जैसे डाईक्लोरो मेथेन में प्रयुक्त करते हैं। इसे $CrO_3$, पिरिडीन एवं HCl को डाईक्लोरोमेथेन में मिश्रित कर बनाते हैं । यह एक बहुत अच्छा अभिकर्मक हैं क्योंकि यह एल्डिहाइड के कार्बोक्सिलिक अम्ल में पुनः ऑक्सीकरण को रोकता है और यह α,β-असंतृप्त एल्डिहाइड बनाने की उपर्युक्त विधि है।*

(ii) 1° एवं 2° एल्कोहल के Cu/300° अथवा Ag/300°C द्वारा विहाइड्रोजनीकरण से

$$R-CH_2OH \xrightarrow{Cu/300°C} R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-H + H_2$$

$$R-\underset{}{\overset{OH}{\overset{|}{C}}}H-R' \xrightarrow{Cu/300°C} R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-R' + H_2$$

(2) **कार्बोक्सिलिक अम्लों से**

(i) ***एक क्षारकीय अम्लों के Ca, Ba, Sr या Th लवणों के आसवन से*** : एक क्षारकीय अम्ल के लवण आसवन करने पर कार्बोनिल यौगिक देते हैं अभिक्रिया निम्न प्रकार से होती है।

$$(RCOO)_2Ca + (R'COO)_2Ca \xrightarrow{\Delta} 2R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-R' + 2CaCO_3$$

इस तरह उत्पाद में, एक एल्किल समूह एक कार्बोक्सिलिक अम्ल से आता है एवं दूसरा एल्किल समूह दूसरे कार्बोक्सिलिक अम्ल से आता है

द्विक्षारकीय अम्ल के कैल्शियम लवण (1, 4 एवं उच्च) आसवन पर चक्रीय कीटोन देते हैं







साइक्लोहैक्सेनोन

(ii) ***कार्बोक्सिलिक अम्ल का उत्प्रेरकीय अपघटन अथवा अम्ल के MnO/300°C द्वारा विकार्बोक्सिलिकरण या निर्जलीकरण से***

(a) यह अभिक्रिया कार्बोक्सिलिक अम्ल के दो अणुओं के बीच होती है। दोनों अम्ल समान अथवा भिन्न हो सकते हैं

(b) यदि एक कार्बोक्सिलिक अम्ल $HCOOH$ है तो यह अम्ल विकार्बोक्सिलिकरण में जाता है क्योंकि यह अम्ल एकमात्र एक क्षारकीय अम्ल है जो उत्प्रेरक की अनुपस्थिति में भी विकार्बोक्सिलिकरण करता है।

**प्रकरण I :** जब दोनों अणु फॉर्मिक अम्ल ( $HCOOH$ ) हों

$$H-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-OH + H\,COO\,H \xrightarrow[300°C]{MnO} CO_2 + HOH + H-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-H$$

फॉर्मिक अम्ल → फॉर्मेल्डिहाइड

**प्रकरण II :** जब दो अणुओं में से केवल एक फॉर्मिक अम्ल *(HCOOH)* हो

$$\underset{\text{कार्बोक्सिलिक अम्ल}}{R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-OH} + \underset{\text{फॉर्मिक अम्ल}}{H-\boxed{COO}H} \xrightarrow{MnO/300°C} \underset{\text{एल्डिहाइड}}{R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-H} + CO_2 + HOH$$

**प्रकरण III :** जब कोई भी अणु फॉर्मिक अम्ल न हो

$$\underset{\text{कार्बोक्सिलिक अम्ल}}{R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-OH} + R\boxed{COO}H \xrightarrow{MnO/300°C} \underset{\text{कीटोन}}{R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-R} + CO_2 + HOH$$

(3) **जैम डाईहैलाइड से :** जैम डाईहैलाइड जल अपघटन पर कार्बोनिल यौगिक देते हैं।

(i) $\underset{\text{जैम डाईहैलाइड}}{R-CHX_2} \xrightarrow{HOH/\overset{\ominus}{O}H} \underset{\text{एल्डिहाइड}}{R-CHO}$

(ii) $R-\overset{X}{\underset{X}{C}}-R' \xrightarrow{HOH/\overset{\ominus}{O}H} R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-R'$

❑ *यह विधि अधिक प्रयुक्त नहीं होती क्योंकि एल्डिहाइड क्षार एवं डाईहैलाइड द्वारा प्रभावित होते हैं एवं सामान्यतः कार्बोनिल यौगिकों द्वारा बनाये जाते हैं*

(4) **एल्कीन से**

(i) ***ओजोनीकरण*** : एल्कीन, अपचयनी ओजोनीकरण पर कार्बोनिल यौगिक देती हैं।

$$\underset{\text{एल्कीन}}{R-CH=CH-R} \xrightarrow[(ii)H_2O/Zn]{(i)O_3} R-CHO + RCHO$$

$$\underset{\text{एल्कीन}}{\begin{matrix}R\\ \\R\end{matrix}\!\!>C=C<\!\!\begin{matrix}R'\\ \\R'\end{matrix}} \xrightarrow[(ii)H_2O/Zn]{(i)O_3} R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-R + R'-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-R'$$

❑ *यह विधि केवल एलिफैटिक कार्बोनिल यौगिकों के लिये प्रयुक्त होती है*

(ii) ***ऑक्सो विधि***

$$R-CH=CH_2 + CO + H_2 \xrightarrow[150°C,\ 300\ atm]{CO_2(CO)_8} R-CH_2-CH_2-CHO$$

❑ *ऑक्सो विधि केवल एल्डिहाइड बनाने में प्रयुक्त होती है*

(iii) ***वेकर विधि***

(a) $\underset{\text{एथीन}}{CH_2=CH_2} \xrightarrow[\text{वायु}/Cu_2Cl_2]{PdCl_2/HOH} CH_3-CHO$

(b) $\underset{\text{एल्किल एथीन}}{R-CH=CH_2} \xrightarrow[\text{वायु}/Cu_2Cl_2]{PdCl_2/HOH} R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-CH_3$

(5) **एल्काइन से**

$$R-C\equiv C-H \xrightarrow{HO/HgSO/HSO} R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-CH$$

$$R-C\equiv C-H \xrightarrow[(ii)\ HO/\overset{-}{O}H]{(i)\ SiOBH} R-CH-CHO$$

(6) **ग्रिगनार्ड अभिकर्मक से**

$R-MgX$ (आधिक्य)

$\xrightarrow{R'-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-Cl} R'-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-R$ (केवल कीटोन)

$\xrightarrow{HCOOCH} H-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-R$ (एल्डिहाइड)

$\xrightarrow{R'COOCH} R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-R'$ (कीटोन)

$\xrightarrow[(ii)\ HO/\overset{\oplus}{H}]{(i)\ HCN} R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-H$

$\xrightarrow[(ii)\ HO/\overset{\oplus}{H}]{(i)\ R'-CN} R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-R'$

$\xrightarrow{CH=CH-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-H} R-CH-CH-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-H$

(7) **अम्ल क्लोराइड से**

(i) अम्ल क्लोराइड, डाईएल्किल कैडमियम एवं डाईएल्किल लीथियम क्यूप्रेट के साथ नाभिक स्नेही प्रतिस्थापन अभिक्रिया देता है एवं कीटोन बनाता है। यह अम्ल क्लोराइड से कीटोन बनाने की एक महत्वपूर्ण विधि है।

$$R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-Cl \xrightarrow{R'_2Cd} R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-R'$$

$$R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-Cl \xrightarrow{R'_2CuLi} R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-R'$$

(केवल कीटोन बनाने में प्रयुक्त होती है)

इस विधि में उत्पाद हमेशा कीटोन होता है क्योंकि $R \neq H$ एवं $R' \neq H$

(ii) ***रोजनमुण्ड अपचयन*** : अम्ल क्लोराइड आंशिक अपचयन पर एल्डिहाइड देता है यह अपचयन लिण्डलर उत्प्रेरक की उपस्थिति में होता है

$$R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-Cl \xrightarrow[\text{जाइलीन}]{H_2/Pd-BaSO_4-CaCO_3} R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-H$$

$$Ar-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-Cl \xrightarrow[\text{जाइलीन}]{H_2/Pd-BaSO_4-CaCO_3} Ar-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-H$$

(केवल एल्डिहाइड के लिये प्रयुक्त होती है)

**(8) सायनाइड से**

(i) ***स्टीफन एल्डिहाइड संश्लेषण*** : सायनाइड के $SnCl_2/HCl$ के साथ आंशिक अपचयन से प्राप्त उत्पाद के जलअपघटन द्वारा एल्डिहाइड में परिवर्तन स्टीफन एल्डिहाइड संश्लेषण कहलाता है। इस विधि का उपयोग केवल एल्डिहाइड बनाने में करते हैं।

$$\underset{\text{एल्किल सायनाइड}}{R-C\equiv N} \xrightarrow[\text{(ii)}H_2O/\Delta \text{ या भाप आसवन}]{\text{(i)}SnCl_2/HCl/\text{ईथर}} \underset{\text{एल्डिहाइड}}{R-CHO}$$

**(9) विस डाईऑल से**

$$R-\overset{OH}{\overset{|}{C}H}-\underset{R}{\underset{|}{\overset{OH}{\overset{|}{C}}}}-R \xrightarrow{HIO_4} RCHO + R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-R + H_2O$$

❑ लैड टेट्रा एसीटेट $Pb(OCOCH_3)_4$ *भी समान ऑक्सीकरण उत्पाद देते हैं।*

**(10) एल्किल हैलाइड एवं बेन्जिल हैलाइड से**

$$R-CH_2Cl \xrightarrow{DMSO} R-CHO \ ;$$

$$R-\overset{Cl}{\overset{|}{C}H}-R \xrightarrow{\text{DMSO}} R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-R$$

$$C_6H_5-CH_2Cl \xrightarrow[(ii)\, H_2O/H^{\oplus} \text{ या } Cu(NO_3)_2 \text{ या } Pb(NO_3)_2]{\text{DMSO या (i)}(CH_2)_6N_4} C_6H_5-CHO$$

(11) **नाइट्रोएल्केन से :** नाइट्रोएल्केन जिनमें कम से कम एक $\alpha$-हाइड्रोजन परमाणु हो सान्द्र $NaOH$ के साथ अभिकृत होते हैं तत्पश्चात 70% $H_2SO_4$ से क्रिया कर कार्बोनिल यौगिक देते हैं। यह अभिक्रिया Nef कार्बोनिल संश्लेषण कहलाती है।

$$R-CH_2-N\begin{matrix}\nearrow O\\ \searrow O\end{matrix} \xrightarrow[\text{चलावयवता}]{NaOH} R-CH=\overset{O}{N} \begin{matrix}OH\\ O\end{matrix}$$

(एसी रूप)

$$\xrightarrow{70\%\ H_2SO_4} \underset{\text{एल्डिहाइड}}{R-CHO}$$

$$\begin{matrix}R\\ R\end{matrix}\!\!>CH-N\begin{matrix}\nearrow O\\ \searrow O\end{matrix} \xrightarrow[\text{(ii)}H_2SO_4]{\text{(i) NaOH}} \underset{\text{कीटोन}}{R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-R}$$

(आइसो नाइट्रो एल्केन)

**(12) कार्बोक्सिलिक अम्ल की एल्किल लीथियम के आधिक्य के साथ क्रिया से :** कार्बोक्सिलिक अम्ल कार्बलीथियम यौगिक के आधिक्य के साथ क्रिया कर जैम डाईऑल का लीथियम लवण देते हैं जो जलअपघटन पर कीटोन देते हैं।

$$R'-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-OH \xrightarrow[\text{(ii)}HOH/H^{\oplus}]{\text{(i)}R-Li \text{ (आधिक्य)}} R'-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-R$$

**केवल एरोमैटिक कार्बोनिल यौगिक बनाने की विधियाँ**

**(1) मेथिल एरीन से**




**(2) क्लोरोमेथिल एरीन से**




(3) **गाटरमैन – कोच फॉर्मलीकरण :** यह अभिक्रिया मुख्यतः एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन एवं हैलोबेन्जीन द्वारा दी जाती है।




(4) **गाटरमैन फॉर्मलीकरण :** यह अभिक्रिया मुख्यतः एल्किल बेन्जीन, फिनॉल एवं फिनॉलिक ईथर द्वारा दी जाती है।






(5) **हॉबन.हॉश अभिक्रिया :** यह अभिक्रिया डाई एवं पॉलीहाइड्रिक बेन्जीन द्वारा दी जाती है।







(6) **रीमर टीमेन अभिक्रिया :** इस अभिक्रिया में फिनॉल *o*- एवं *p*-हाइड्रॉक्सी बेन्जल्डिहाइड देता है।




## कार्बोनिल यौगिकों के भौतिक गुण

**(Physical properties of carbonyl compound)**

(1) **भौतिक अवस्था :** मेथेनल एक तीव्र गन्ध वाली गैस है। एथेनल एक वाष्पशील द्रव है, क्वथनांक 294 *K* । अन्य एल्डिहाइड एवं कीटोन जिनमें कार्बन संख्या ग्यारह तक होती है, रंगहीन द्रव होते हैं जबकि उच्च सदस्य ठोस होते हैं।

(2) **गंध :** निम्न एल्डिहाइड को छोड़कर जिनमें अप्रिय गन्ध होती है, अन्य एल्डिहाइड एवं कीटोन में सामान्यतः रूचिकर गन्ध होती है। जैसे-जैसे अणु का आकार बड़ा होता है, वैसे-वैसे गन्ध कम तीव्र होती जाती है एवं मधुर बन जाती है। जैसे कि कई प्राकृतिक एल्डिहाइड एवं कीटोन सुगन्ध एवं इत्र में प्रयुक्त किये जाते हैं।

(3) **विलेयता :** चार कार्बन परमाणु तक के एल्डिहाइड एवं कीटोन जल के साथ मिश्रणीय हैं। यह ध्रुवीय कार्बोनिल समूह एवं जल अणु के बीच उपस्थित हाइड्रोजन बन्ध के कारण होता है जिसे नीचे दर्शाया गया है।



एल्किल समूह का आकार बढ़ने के साथ, विलेयता कम होती है एवं यौगिक जिनमें चार से अधिक कार्बन परमाणु होते हैं व्यवहारिक रूप से जल में अविलेय होते हैं। सभी एल्डिहाइड एवं कीटोन कार्बनिक विलायकों जैसे ईथर, एल्कोहल आदि में विलेय हैं। कीटोन स्वयं भी उत्तम विलायक है।

(4) **क्वथनांक :** एल्डिहाइड एवं कीटोन के क्वथनांक तुलनात्मक अणुभार वाले अध्रुवीय यौगिक (हाइड्रोकार्बन) अथवा दुर्बल ध्रुवीय यौगिकों (जैसे ईथर) से अधिक होते हैं किन्तु इनके क्वथनांक संगत एल्कोहल अथवा कार्बोक्सिलिक अम्ल से कम होते हैं। ऐसा इसलिये होता है क्योंकि एल्डिहाइड एवं कीटोन ध्रुवीय यौगिक होते हैं जिनमें $>C=O$ द्विध्रुव के विपरीत सिरों के बीच पर्याप्त द्विध्रुव-द्विध्रुव अन्तराकर्षण होता है

$$>\overset{\delta^+}{C}=\overset{\delta^-}{O}\cdots\cdots\cdots>\overset{\delta^+}{C}=\overset{\delta^-}{O}\cdots\cdots\cdots>\overset{\delta^+}{C}=\overset{\delta^-}{O}\cdots\cdots\cdots$$

किन्तु यह द्विध्रुव-द्विध्रुव अन्तराकर्षण एल्कोहल एवं कार्बोक्सिलिक अम्ल के अन्तराणुक हाइड्रोजन बंध की तुलना में दुर्बल होता है इसलिये एल्डिहाइड एवं कीटोन के क्वथनांक तुलनात्मक अणुभार वाले एल्कोहल एवं कार्बोक्सिलिक अम्ल की अपेक्षा कम होते हैं

*कार्बोनिल यौगिकों में कीटोन के क्वथनांक समावयवी एल्डिहाइड की अपेक्षा कुछ अधिक होते हैं ऐसा कार्बोनिल कार्बन के चारो ओर दो इलेक्ट्रॉन निर्मोची समूह की उपस्थिति के कारण होता है, जो कार्बोनिल समूह को और अधिक ध्रुवीय बनाते हैं*




(5) **घनत्व :** एल्डिहाइड एवं कीटोन का घनत्व जल की तुलना में कम होता है।

## कार्बोनिल यौगिकों के रासायनिक गुण

**(Chemical properties of carbonyl compounds)**

कार्बोनिल यौगिक, कार्बोनिल समूह एवं $\alpha$-हाइड्रोजन के कारण रासायनिक अभिक्रिया देते हैं।

कार्बोनिल यौगिकों की रासायनिक अभिक्रियाओं को निम्न वर्गो में वर्गीकृत कर सकते हैं

(1) नाभिक स्नेही योगात्मक अभिक्रिया

(2) योगात्मक तत्पश्चात् विलोपन अभिक्रियाएँ

(3) ऑक्सीकरण

(4) अपचयन

(5) $\alpha$-हाइड्रोजन के कारण अभिक्रियाएँ

(6) संघनन अभिक्रियाएं एवं

(7) विविध अभिक्रियाएँ

(1) **नाभिक स्नेही योगात्मक अभिक्रियाएँ**

(i) कार्बोनिल यौगिक उन अभिकर्मकों के साथ नाभिकस्नेही योगात्मक अभिक्रिया देते हैं जो विघटन पर इलेक्ट्रॉन स्नेही के साथ नाभिकस्नेही भी देते हैं।

(ii) यदि नाभिक स्नेही दुर्बल हो तो योगात्मक अभिक्रिया अम्ल उत्प्रेरक की उपस्थिति में कराई जाती है।

(iii) योगात्मक अभिक्रिया के उत्पाद को निम्न प्रकार से लिखा जा सकता है,

$$R-\underset{+\delta}{\overset{\overset{-\delta}{O}\,\|}{C}}-R' + \overset{+\delta}{H}-\overset{-\delta}{Nu}\xrightarrow{\text{योग}} R-\underset{\underset{Nu}{|}}{\overset{\overset{OH}{|}}{C}}-R'$$

योगात्मक

योगात्मक अभिक्रिया में नाभिक स्नेही कार्बोनिल कार्बन पर जुड़ता है एवं इलेक्ट्रॉन स्नेही कार्बोनिल ऑक्सीजन से जुड़कर योगउत्पाद देता है।

(iv) ***एल्डिहाइड एवं कीटोन की आपेक्षिक क्रियाशीलता*** : एल्डिहाइड एवं कीटोन शीघ्रता से नाभिकस्नेही योगात्मक अभिक्रिया देते हैं, किन्तु कीटोन एल्डिहाइड की अपेक्षा कम क्रियाशील होते हैं। यह इलेक्ट्रॉनिक एवं त्रिविम प्रभाव के कारण होता है जिसे नीचे समझाया गया है,

(a) *प्रेरणिक प्रभाव* : नाभिकस्नेही योगात्मक अभिक्रियाओं में एल्डिहाइड एवं कीटोन की आपेक्षिक क्रियाशीलता को कार्बन पर उपस्थित धनावेश की मात्रा द्वारा विश्लेषित कर सकते हैं। अधिक धनावेश से तात्पर्य अधिक क्रियाशीलता है। यदि धनावेश सम्पूर्ण अणु पर फैलता है, तो कार्बोनिल यौगिक अधिक स्थायी बन जाता है और उसकी क्रियाशीलता कम हो जाती है क्योंकि एल्किल समूह इलेक्ट्रॉन दाता समूह है (+I प्रेरणिक प्रभाव) इसलिए, कीटोन में दो एल्किल समूह की इलेक्ट्रॉन दाता शक्ति एल्डिहाइड की अपेक्षा अधिक होती है क्योंकि एल्डिहाइड में एक एल्किल समूह होता है, परिणाम स्वरुप कीटोन में कार्बोनिल समूह के कार्बन की इलेक्ट्रॉन न्यूनता एल्डिहाइड की अपेक्षा अधिक तृप्त होती है इसलिए कीटोन के प्रकरण में कार्बन पर कम हुआ धनावेश नाभिक स्नेही के आक्रमण को मन्द करता है इसलिये कीटोन, एल्डिहाइड की अपेक्षा कम क्रियाशील होता है। फार्मेल्डिहाइड में कोई भी एल्किल समूह नहीं होता है इसलिये एल्डिहाइड एवं कीटोन में यह सर्वाधिक क्रियाशील है। इस तरह, क्रियाशीलता का क्रम है:



फॉर्मेल्डिहाइड > एल्डिहाइड > कीटोन

(b) *त्रिविम प्रभाव* : एल्किल समूह का आकार हाइड्रोजन की तुलना में अधिक होता है। एल्डिहाइड में एक एल्किल समूह, किन्तु कीटोन में दो एल्किल समूह कार्बोनिल समूह से जुड़े रहते हैं। एल्किल समूह हाइड्रोजन से बड़े होते हैं और आक्रमणकारी समूह के आक्रमण में बाधा उत्पन्न करते हैं। इसे **त्रिविम बाधा** कहते हैं जैसे-जैसे एल्किल समूह की संख्या एवं आकार बढ़ता है, नाभिकस्नेही के आक्रमण की बाधा भी बढ़ती है एवं क्रियाशीलता कम होती है। नाभिकस्नेही के आक्रमण में बाधा की कमी फार्मेल्डिहाइड की अधिक क्रियाशीलता का एक अन्य कारण है। इस तरह, क्रियाशीलता का क्रम निम्न है :



फॉर्मेल्डिहाइड > एसीटेल्डिहाइड > एसीटोन >



डाई आइसोप्रोपिल कीटोन > डाई तृतीयक ब्यूटिल कीटोन

सामान्यतः **एरोमैटिक एल्डिहाइड एवं कीटोन संगत एलिफैटिक सजात की तुलना में कम क्रियाशील होते हैं** उदाहरण के लिये, बेन्जल्डिहाइड, एलिफैटिक एल्डिहाइड से कम क्रियाशील है। इसको बेन्जल्डिहाइड की अनुनादी संरचनाओं द्वारा आसानी से समझा जा सकता है जिन्हे नीचे दर्शाया गया है :



अनुनादी संरचनाओं से स्पष्ट है कि बेन्जीन वलय के इलेक्ट्रॉन दाता (अनुनाद प्रभाव) के कारण, कार्बोनिल समूह पर उपस्थित धनावेश की मात्रा कम हो जाती है एवं फलस्वरूप नाभिक स्नेही आक्रमण के प्रति यह कम ग्राही हो जाता है। इस तरह, एरोमैटिक एल्डिहाइड एवं कीटोन संगत एलिफैटिक एल्डिहाइड एवं कीटोन से कम क्रियाशील होते हैं। एरोमैटिक एल्डिहाइड एवं कीटोन की क्रियाशीलता क्रम है,

$$\underset{\text{बेन्जल्डिहाइड}}{C_6H_5CHO} > \underset{\text{एसीटोफिनोन}}{C_6H_5COCH_3} > \underset{\text{बेन्जोफिनोन}}{C_6H_5COC_6H_5}$$

**नाभिक स्नेही योगात्मक अभिक्रियाओं के कुछ महत्वपूर्ण उदाहरण**

***HCN* का योग**

$$R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-H + HCN \xrightarrow{\overset{\ominus}{OH}} \underset{\text{साइनोहाइड्रिन}}{R-\overset{OH}{\overset{|}{\underset{H}{\underset{|}{C}}}}-CN}$$

$$\underset{\text{बेन्जल्डिहाइड}}{C_6H_5-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-H} + HCN \xrightarrow{\overset{\ominus}{OH}} \underset{\text{बेन्जल्डिहाइड साइनोहाइड्रिन}}{C_6H_5-\overset{OH}{\overset{|}{\underset{H}{\underset{|}{C}}}}-CN}$$

❑ *HCN एक जहरीली गैस है इस कारण से, उत्तम मार्ग यह है कि अभिक्रिया कराते समय हाइड्रोजन सायनाइड को उत्पन्न किया जाये, जिसे कार्बोनिल यौगिक एवं NaCN के आधिक्य मिश्रण पर HCl प्रवाह द्वारा प्राप्त किया जाता है।*

❑ *बेंजोफिनोन HCN के साथ क्रिया नहीं करता है,*

❑ *फॉर्मेल्डिहाइड के अतिरिक्त, अन्य सभी एल्डिहाइड प्रकाश सक्रिय सायनोहाइड्रिन (रेसिमिक मिश्रण) देते हैं।*

❑ *यह अभिक्रिया α-हाइड्रॉक्सी अम्ल, β-एमीनो एल्कोहल एवं α-हाइड्रॉक्सी एल्डिहाइड बनाने की महत्वपूर्ण अभिक्रिया है।*

$$R-\overset{OH}{\overset{|}{C}H}-CN \xrightarrow{\overset{\oplus}{H}_2O/\overset{\oplus}{H}/\Delta} \underset{\alpha\text{-हाइड्रॉक्सी अम्ल}}{R-\overset{OH}{\overset{|}{C}H}-COOH}$$

(यदि $R$ का मान $CH_3$ है तो उत्पाद लैक्टिक अम्ल होगा)

$$R-\overset{OH}{\overset{|}{C}H}-CN \xrightarrow{H/Pt} \underset{\beta\text{-एमीनो एल्कोहल}}{R-\overset{OH}{\overset{|}{C}H}-CH_2-NH_2}$$

$$R-\overset{OH}{\overset{|}{C}H}-CN \xrightarrow[\text{(ii) } HOH/\Delta]{\text{(i) } SnCl_2/HCl} \underset{\alpha\text{-हाइड्रॉक्सी एल्डिहाइड}}{R-\overset{OH}{\overset{|}{C}H}-CHO}$$

**सोडियम बाइसल्फाइट का योग**

सभी प्रकार के एल्डिहाइड इस अभिकर्मक के साथ योगात्मक अभिक्रिया देते हैं।

$$R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-H \xrightarrow{HSO_3Na} \underset{\text{योगात्पाद, सफेद क्रिस्टलीय प्रकृति का}}{R-\overset{OH}{\overset{|}{\underset{SO_3Na}{\underset{|}{C}}}}-H} \xrightarrow[HCHO]{\overset{\oplus}{H}\text{ या }\overset{\ominus}{OH}\text{ या}} R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-H$$

केवल एलिफैटिक मेथिल कीटोन सोडियम बाइसल्फाइट के साथ क्रिया कर योगात्मक अभिक्रिया देते हैं

$$R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-CH_3 \xrightarrow{HSO_3Na} \underset{\text{रंगहीन क्रिस्टलीय उत्पाद}}{R-\overset{OH}{\overset{|}{\underset{SO_3Na}{\underset{|}{C}}}}-CH_3} \xrightarrow[HCHO]{\overset{\oplus}{H}\text{ या }\overset{\ominus}{OH}\text{ या}} R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-H$$

❑ *इस अभिकर्मक का उपयोग एरोमैटिक एवं एलिफैटिक मेथिल कीटोन के बीच विभेदन के लिये कर सकते हैं,*

$$CH_3-CH_2-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-CH_2-CH_3 \text{ तथा}$$

$$CH_3-CH_2-CH_2-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-CH_3$$

$$C_6H_5-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-CH_3 \text{ तथा } CH_3-CH_2-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-CH_3$$

❑ *इस अभिकर्मक का उपयोग मिश्रण से एल्डिहाइड एवं एलिफैटिक मेथिल कीटोन के पृथक्करण के लिये कर सकते हैं।*

$$CH_3-CH_2-CHO \text{ तथा } CH_3-CH_2-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-CH_2-CH_3$$

*इन दो यौगिकों को उनके मिश्रण से NaHSO, के उपयोग द्वारा पृथक कर सकते हैं। उच्च एलिफैटिक कीटोन एवं एरोमैटिक कीटोन NaHSO, के साथ क्रिया नहीं करते हैं।*

**एल्कोहल का योग :** कार्बोनिल यौगिक, एल्कोहल के साथ योगात्मक क्रिया देते हैं। यह अभिक्रिया अम्ल एवं क्षार द्वारा उत्प्रेरित होती है। उत्पाद की प्रकृति उत्प्रेरक पर निर्भर करती है।

**प्रकरण I : क्षार द्वारा उत्प्रेरित योग :** क्षार की उपस्थिति में एल्कोहल का एक तुल्यांक कार्बोनिल यौगिक के केवल एक तुल्यांक से अभिक्रिया करता है। उत्पाद को हैमीएसीटल (एल्डिहाइड के प्रकरण में) एवं हैमीकीटल (कीटोन के प्रकरण में) कहते हैं। अभिक्रिया उत्क्रमणीय होती है। अभिकारक एवं उत्पाद के मध्य सदैव साम्य रहता है।

$$CH_3-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-H+CH_3-\overset{-\delta}{O}-\overset{+\delta}{H} \xrightleftharpoons{\overset{-}{HO}} CH_3-\underset{\underset{\text{हैमीएसीटल}}{OCH_3}}{\overset{OH}{C}}-H$$

$$CH_3-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-CH_3+CH_3-O-H \xrightleftharpoons{\overset{-}{HO}} CH_3-\underset{\underset{\text{हैमीकीटल}}{OCH_3}}{\overset{OH}{C}}-CH_3$$

हैमीएसीटल एवं हैमीकीटल, **$\alpha$-एल्कॉक्सी एल्कोहल** होते हैं।

**प्रकरण II : अम्ल द्वारा उत्प्रेरित योग :** अम्ल की उपस्थिति में कार्बोनिल यौगिक का एक तुल्यांक, एल्कोहल के दो तुल्यांक के साथ अभिक्रिया करता है। अभिक्रिया उत्पाद एसीटल (एल्डिहाइड के प्रकरण में) या कीटल (कीटोन के प्रकरण में) होता है।

$$R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-H+2CH_3OH \xrightleftharpoons{\overset{\oplus}{H}} R-\underset{\underset{\text{एसीटल}}{OCH_3}}{\overset{OCH_3}{C}}-H+H_2O$$

$$R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-R+2CH_3OH \rightleftharpoons R-\underset{\underset{\text{कीटल}}{OCH_3}}{\overset{OCH_3}{C}}-R+H_2O$$

(i) एसीटल एवं कीटल का निर्माण निम्न प्रकार से दर्शा सकते हैं,



$$\begin{matrix}R\\ & C=O\\ R\end{matrix} + \begin{matrix}H-O-CH_3\\ \\ H-O-CH_3\end{matrix} \xrightleftharpoons{\overset{\oplus}{H}} \begin{matrix}R & & OCH_3\\ & C & \\ R & & OCH_3\end{matrix} + H_2O$$

(ii) एसीटल एवं कीटल जैम डाईएल्कॉक्सी यौगिक होते हैं

(iii) यदि जल को उसके बनते ही तुरन्त अभिक्रिया से निकाल दिया जाये तो एसीटल एवं कीटल की उच्च मात्रा प्राप्त होती है, क्योंकि अभिक्रिया उत्क्रमणीय होती है।

(iv) जल के आधिक्य में एसीटल एवं कीटल को संगत एल्डिहाइड एवं कीटोन में पुनः बदला जा सकता है।

$$\underset{\text{कीटल}}{R-\underset{OCH_3}{\overset{OCH_3}{C}}-R}+\underset{\text{(आधिक्य)}}{H_2O} \xrightarrow{\overset{\oplus}{H}} R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-R+2CH_3OH$$

यह अभिक्रिया कार्बोनिल समूह को सुरक्षित करने के लिये बहुत उपयोगी है जो कि जलअपघटन द्वारा पुनः प्राप्त किया जा सकता है ग्लायकॉल को इस उद्देश्य के लिये प्रयुक्त करते हैं। मानाकि हम चाहते हैं कि दिया गया परिवर्तन $LiAlH_4$ द्वारा किया जाये।

$$CH_3-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-CH_2-COOC_2H_5 \xrightarrow{LiAlH_4} CH_3-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-CH_2-CH_2OH$$

इसको $>C=O$ समूह के रक्षण द्वारा प्राप्त किया जा सकता है जिसे बाद में आरक्षित करते हैं।

**ग्रिगनार्ड अभिकर्मक का योग :** ग्रिगनार्ड अभिकर्मक, कार्बोनिल यौगिकों के साथ क्रिया कर एल्कोहल देते हैं। एल्कोहल की प्रकृति कार्बोनिल यौगिक की प्रकृति पर निर्भर करती है।




**जल का योग :** कार्बोनिल यौगिक जल के साथ क्रिया कर जैम-डाईऑल देते हैं। यह अभिक्रिया अम्ल द्वारा उत्प्रेरित होती है। अभिक्रिया उत्क्रमणीय अभिक्रिया होती है।

$$\underset{\text{कीटोन}}{R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-R'}+HOH \rightleftharpoons \underset{\text{जैमडाईऑल}}{R-\underset{OH}{\overset{OH}{C}}-R'}$$

जैम डाईऑल अधिक अस्थायी यौगिक होते हैं इसलिये साम्यावस्था प्रतीप अभिक्रिया का समर्थन करती है। एल्डिहाइड एवं कीटोन के जलयोजन की मात्रा जैम डाईऑल के स्थायित्व पर निर्भर करती है।

जैम डाईऑल का स्थायित्व निम्न कारकों पर निर्भर करता है,

(i) $\alpha$ –कार्बन के चारों ओर $+I$ समूह द्वारा उत्पन्न त्रिविम बाधा जैम डाईऑल के स्थायित्व को कम करती है। $+I$ समूह जैम डाईऑल के स्थायित्व को कम करते हैं इसलिये जलयोजन की मात्रा को भी कम करते हैं।

(ii) जैम डाईऑल का स्थायित्व मुख्यतः $\alpha$-कार्बन पर स्थित $-I$ समूह की उपस्थिति पर निर्भर करता है। समूह की जितनी अधिक $-I$ शक्ति होगी जैम डाईऑल का स्थायित्व उतना ही अधिक होगा।

(iii) अन्तराअणुक हाइड्रोजन बन्धन जैम डाईऑल के स्थायित्व को बढ़ाता है। जैम डाईऑल समूह युक्त कार्बन पर $-I$ समूह की उपस्थिति हाइड्रोजन बन्ध की प्रबलता को बढ़ाती है।

हाइड्रोजन बन्ध की प्रबलता $\propto$ –समूह की $-I$ शक्ति । हाइड्रोजन बन्ध की प्रबलता जितनी अधिक होगी जैम डाईऑल का स्थायित्व उतना ही अधिक होगा।

**टर्मिनल एल्काइन का योग :** टर्मिनल एल्काइन के सोडियम लवण कार्बोनिल यौगिकों से अभिक्रिया कर एल्किनॉल देते हैं। इस अभिक्रिया को **एथलिनीकरण** कहते हैं।




(2) **योग के बाद विलोपन अभिक्रिया :** यह अभिक्रिया प्राथमिक एमीन और अमोनिया व्युत्पन्न $(NH_2 - Z)$ द्वारा दी जाती है।

(i) नाभिक स्नेही योगात्मक अभिक्रिया में दुर्बल नाभिक स्नेही जैसे अमोनिया तथा अमोनिया के व्युत्पन्नो के लिए अम्ल उत्प्रेरक की आवश्यकता पड़ती है। ये अभिक्रियाएँ दुर्बल अम्लीय माध्यम ($pH$ $3.5-4.5$) में होती हैं। उच्च अम्लीय माध्यम में अमोनिया व्युत्पन्न प्रोटोनीकृत हो जाते हैं जिससे इनका नाभिकस्नेही गुण कम हो जाता है।

(ii) यदि योगात्मक उत्पाद में नाभिकस्नेही के आक्रमणकारी परमाणु पर इलेक्ट्रॉन युग्म हो, तो योगात्मक उत्पाद से जल अणु का विलोपन होगा। इसको नाभिकस्नेही योगात्मक विलोपन कहते हैं। प्राथमिक एमीन एवं अमोनिया के व्युत्पन्न कार्बोनिल यौगिकों के साथ क्रिया कर योगोत्पाद देते हैं।

योगोत्पाद में नाभिकस्नेही समूह पर इलेक्ट्रॉन युग्म होता है। यह विलोपन करता है और उत्पाद देता है जिसे इमीन कहते हैं। इमीन एक यौगिक है जिसमें कार्बन-नाइट्रोजन द्विबंध होता है।




सम्पूर्ण अभिक्रिया को निम्न प्रकार से प्रदर्शित करते हैं,




$NH_2 - Z$ के साथ विभिन्न इमीन का निर्माण नीचे दिया गया है,

**बेकमैन पुनर्विन्यास**

कीटोक्सीम को जब $0°C$ पर अम्ल के साथ अभिकृत करते हैं तो यह पुनर्विन्यास करता है जिसे **बेकमैन पुनर्विन्यास** कहते हैं

इस तरह कीटोक्सीम का $N$-प्रतिस्थापी एमाइड में अम्ल उत्प्रेरकीय परिवर्तन **बेकमैन पुनर्विन्यास** कहलाता है प्रयुक्त किये जाने वाले अम्ल उत्प्रेरक निम्न हैं प्रोटोन अम्ल $(H_2SO_4, HCl, H_3PO_4)$ एवं लुइस अम्ल $(PCl_5, SOCl_2, PhSO_2Cl, RCOCl, SO_3, BF_3$ आदि)

$$\underset{\text{एसीटोफिनॉक्सिम}}{C_6H_5 - \underset{\underset{N-OH}{\|}}{C} - CH_3} \xrightarrow[\text{(ii) } H_2O]{\text{(i) } PCl_5} \underset{\text{N-फेनिल एसीटामाइड}}{CH_3 - \overset{\overset{O}{\|}}{C} - NH - C_6H_5}$$

$$CH_3 - \underset{\underset{N-OH}{\|}}{C} - C_6H_5 \xrightarrow[\text{(ii) } H_2O]{\text{(i) } PCl_5} \underset{\text{N-मेथिल एसीटामाइड}}{C_6H_5 - \overset{\overset{O}{\|}}{C} - NH - CH_3}$$

संक्षेप में पुनर्विन्यास का उत्पाद निम्न प्रकार से प्राप्त किया जाता है :




(3) **कार्बोनिल यौगिकों का ऑक्सीकरण**

(i) ***दुर्बल ऑक्सीकारकों द्वारा ऑक्सीकरण*** **:** दुर्बल ऑक्सीकारक केवल एल्डिहाइड को ऑक्सीकृत करके कार्बोक्सिलिक अम्ल देते हैं। ये कीटोन को ऑक्सीकृत नहीं करते हैं मुख्य ऑक्सीकारक निम्न हैं :

(a) *फेहलिंग विलयन :* यह दो फेहलिंग विलयनों का मिश्रण है : फेहलिंग विलयन संख्या 1 : इसमें $CuSO_4$ विलयन तथा $NaOH$ होता है

फेहलिंग विलयन संख्या. 2 : इसमें सोडियम पोटेशियम टार्टरेट (रोशेल लवण) होता है।

(b) *बेनेडिक्ट विलयन* : इस विलयन में $CuSO_4, NaOH$ एवं सोडियम अथवा पोटेशियम सिट्रेट होता है।

❑ दोनो विलयन की क्रियाकारी प्रजाति $Cu^{++}$ है, $Cu$ की ऑक्सीकरण संख्या $+2$ से $+1$ तक बदलती है।

❑ ये दोनो ऑक्सीकारक केवल एलिफैटिक एल्डिहाइड को ऑक्सीकृत करते हैं एवं अन्य क्रियात्मक समूह पर प्रभाव नहीं डालते हैं :

बेनेडिक्ट विलयन एवं फेहलिंग विलयन का उपयोग रक्त नमूने में शर्करा (ग्लूकोज) के परीक्षण में अभिकर्मक की तरह करते हैं।

(c) *टॉलेन अभिकर्मक* : टॉलेन अभिकर्मक अमोनियामय सिल्वर नाइट्रेट विलयन है। इसकी क्रियाकारी प्रजाति $Ag^{\oplus}$ है

❑ यह एलिफैटिक एवं एरोमैटिक एल्डिहाइड दोनों को ऑक्सीकृत करता है।

$$R - CHO + Ag^{\oplus} \xrightarrow[\text{अभिक्रिया}]{\text{रेडॉक्स}} RCOOH + Ag \text{ (रजत दर्पण)}$$

❑ इस अभिकर्मक का कार्बन-कार्बन बहुबन्ध पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता

$$CH_2 = CH - CHO + Ag^{\oplus} \longrightarrow CH_2 = CH - COOH + Ag$$

इस अभिक्रिया में $Ag$ की ऑक्सीकरण संख्या $+1$ से $0$ तक बदलती है।

❑ *ग्लूकोज, फ्रक्टोज, टॉलेन एवं फेहलिंग विलयन के साथ सकारात्मक परीक्षण देते हैं,*

$C_5H_{11}O_5CHO + Cu_2O$ (या) $Ag_2O \longrightarrow \underset{\text{ग्लूकोनिक अम्ल}}{C_5H_{11}O_5COOH}$

*फ्रक्टोज में* $>C=O$ *(कीटो ) समूह होता है, फिर भी यह फेहलिंग विलयन के साथ धनात्मक परीक्षण देता है क्योंकि इसमें हाइड्रॉक्सिल कीटो समूह उपस्थित होते हैं। टॉलेन अभिकर्मक भी HCOOH एवं टर्मिनल एल्काइन के साथ धनात्मक परीक्षण देता है।*

(d) *मरक्यूरिक क्लोराइड विलयन के साथ क्रिया:*

$$R-\underset{\underset{O}{\|}}{C}-H + HgCl_2 + H_2O \longrightarrow R-\underset{\underset{O}{\|}}{C}-OH + HCl + \underset{(\text{सफेद})}{Hg_2Cl_2(\downarrow)}$$

$$R-\underset{\underset{O}{\|}}{C}-H + Hg_2Cl_2 + H_2O \longrightarrow R-\underset{\underset{O}{\|}}{C}-OH + HCl + \underset{(\text{काला})}{Hg(\downarrow)}$$

(e) *शिफ अभिकर्मक* : मेजेण्टा विलयन $\xrightarrow{SO_2}$ रंगहीन विलयन $\xrightarrow{CH_3CHO}$ गुलाबी रंग पुनः संचित होता है। (ठंडे में)

(ii) ***प्रबल ऑक्सीकारकों द्वारा ऑक्सीकरण*** : प्रमुख प्रबल ऑक्सीकारक हैं $KMnO_4/OH^{\ominus}/\Delta$, $KMnO_4/H^{\oplus}/\Delta$, $K_2Cr_2O_7/H^{\oplus}/\Delta$ एवं सांद्र $HNO_3/\Delta$ हैं ये ऑक्सीकारक एल्डिहाइड एवं कीटोन दोनों को ऑक्सीकृत करते हैं

(a) *एल्डिहाइड का ऑक्सीकरण* : एल्डिहाइड संगत अम्लों में ऑक्सीकृत होते हैं।

$$\underset{C=n}{RCHO} \xrightarrow{[O]} \underset{C=n}{RCOOH}$$

$$C_6H_5CHO \xrightarrow{KMnO_4/\overset{\ominus}{O}H/\Delta} C_6H_5COOH$$

(b) *कीटोन का ऑक्सीकरण* : कीटोन केवल तीव्र परिस्थितियों में ही ऑक्सीकृत होते हैं। कीटोन के ऑक्सीकरण के दौरान $\alpha$-कार्बन एवं कार्बोनिल कार्बन के बीच कार्बन-कार्बन बन्ध टूटता है। इस क्रिया में दोनों कार्बन कार्बोक्सिलिक समूह में परिवर्तित होते हैं। इसके द्वारा मोनोकार्बोक्सिलिक अम्ल के दो मोल का निर्माण होता है।

**प्रकरण I : सममित कीटोन का ऑक्सीकरण**

$$\underset{C=7}{CH_3-CH_2-CH_2}-\overset{\overset{O}{\|}}{C}-CH_2-CH_2-CH_3 \xrightarrow{[O]}$$

$$\underset{C=4}{CH_3-CH_2-CH_2-COOH} + \underset{C=3}{CH_3-CH_2-COOH}$$

कार्बनों की कुल संख्या $C=4+3=7$

इस तरह किसी भी उत्पाद में कार्बन की संख्या कीटोन में उपस्थित कार्बन संख्या से कम होती है।

**प्रकरण II : असममित कीटोन का ऑक्सीकरण** : असममित कीटोन के प्रकरण में $\alpha$-कार्बन जिसका बंध टूटता है हमेशा उस एल्किल समूह का अनुसरण करता है जिसमें कार्बन की संख्या अधिकतम होती है। इस नियम को *पोपॉफ* का नियम कहते हैं।

$$CH_3-CH_2-CH_2-\overset{\overset{O}{\|}}{C}-CH_2-CH_3$$

$$\xrightarrow{[O]} CH_3-CH_2-COOH + CH_3-CH_2-COOH$$

**प्रकरण III : चक्रीय कीटोन का ऑक्सीकरण** : चक्रीय कीटोन से द्विभास्मिक अम्ल का निर्माण होता है। इस प्रकरण में द्विभास्मिक अम्ल एवं कीटोन में कार्बन की संख्या हमेशा समान होती है।




$\xrightarrow{[O]} \underset{\text{एडिपिक अम्ल}}{COOH-(CH_2)_4-COOH}$

❑ *यदि दोनों $\alpha$-कार्बन समरूप नहीं हों तो बन्ध विदलन कार्बोनिल कार्बन और उस $\alpha$-कार्बन के बीच होता है जिसमें अधिकतम हाइड्रोजन होते हैं।*




2-मेथिल साइक्लोहैक्सानोन

$\xrightarrow{[O]} \underset{\alpha\text{-मेथिल एडिपिक अम्ल}}{COOH-(CH_2)_3-\overset{\overset{CH_3}{|}}{CH}-COOH}$

(iii) ***विविध ऑक्सीकरण***

(a) *हैलोफॉर्म अभिक्रिया*

$$\underset{\alpha-\text{मेथिल कार्बोनिल}}{R-\overset{\overset{O}{\|}}{C}-CH_3} \xrightarrow[\text{(ii)} \overset{\oplus}{H}]{\text{(i)} X_2/\overset{\ominus}{O}H} RCOOH + CHX_3$$

(b) *$\alpha$-$CH_2$ अथवा $CH_3$ का SeO₂ द्वारा ऑक्सीकरण* : *$SeO_2$*, $\alpha-CH_2-$समूह को कीटो समूह में तथा $\alpha-CH_3-$समूह को एल्डिहाइड समूह में ऑक्सीकृत कर देता है।

इस ऑक्सीकरण में $CH_2$ की क्रियाशीलता $CH_3$ समूह से अधिक होती है एवं प्रकृति में ऑक्सीकरण स्थान चयनात्मक है।

$$CH_3-CHO \xrightarrow{SeO_2} \underset{\text{ग्लायऑक्सल}}{CHO-CHO};$$

$$CH_3-\overset{\overset{O}{\|}}{C}-CH_3 \xrightarrow{SeO_2} \underset{\text{मेथिल ग्लायऑक्सल}}{CH_3-\overset{\overset{O}{\|}}{C}-CHO}$$

(c) *कार्बनिक परअम्लों द्वारा ऑक्सीकरण* : कार्बनिक परअम्ल एल्डिहाइड को कार्बोक्सिलिक अम्ल में तथा कीटोन को एस्टर में ऑक्सीकृत करते हैं। इस ऑक्सीकरण को **बेयर विलिगर ऑक्सीकरण** (Baeyer-villiger oxidation) कहते हैं।

$$R-\overset{\overset{O}{\|}}{C}-R' \xrightarrow{C_6H_5COOOH} R-\overset{\overset{O}{\|}}{C}-O-R'$$

एल्डिहाइड के प्रकरण में कार्बोनिल कार्बन एवं कार्बोनिल कार्बन के हाइड्रोजन के बीच परमाण्विक ऑक्सीजन (पर अम्ल से प्राप्त) प्रवेश करता है।

कीटोन के प्रकरण में, ऑक्सीजन, कार्बोनिल कार्बन एवं $\alpha$-कार्बन के बीच प्रवेश करती है। इस तरह उत्पाद एस्टर है। यह कीटोन के एस्टर में परिवर्तन की एक महत्वपूर्ण अभिक्रिया है।

❑ विस डाईकार्बोनिल यौगिक भी ऑक्सीकरण करते हैं एवं उत्पाद एनहाइड्राइड बनता है।

$$R-\overset{\overset{O}{\|}}{C}-\overset{\overset{O}{\|}}{C}-R \xrightarrow{C_6H_5COOOH} R-\underset{\underset{O}{\|}}{C}-O-\underset{\underset{O}{\|}}{C}-R$$

❑ *पोपॉफ नियम : असममित कीटोन का ऑक्सीकरण विस्तृत रूप से इस प्रकार से होता है कि अम्ल के दो अणु के निर्माण के दौरान छोटा एल्किल समूह CO समूह से लगा रहे। इसे पोपॉफ नियम कहते हैं*

*उदाहण :*

$$CH_3-CO-CH_2-CH_3 \xrightarrow{[O]} CH_3-COOH + HOOCCH_3$$

(d) *बेयर विलिगर ऑक्सीकरण*:

$$H-\underset{\underset{O}{\|}}{C}-H + \overset{\overset{H}{|}}{O}-O-\underset{\underset{O}{\|}}{C}-H \longrightarrow H-\underset{\underset{O}{\|}}{C}-OH$$

$$CH_3-\underset{\underset{O}{\|}}{C}-H + \overset{\overset{H}{|}}{O}-O-\underset{\underset{O}{\|}}{C}-H \longrightarrow CH_3-\underset{\underset{O}{\|}}{C}-OH$$

❑ *यदि ऑक्सीकारक परफॉर्मिक अम्ल हो तो ही अभिक्रिया होगी।*

(4) कार्बोनिल यौगिकों का अपचयन

(i) $\overset{O}{\overset{\|}{-C-}}$ ***समूह का $-CH_2-$ समूह में अपचयन*** : निम्न तीन अभिकर्मक कार्बोनिल समूह को $-CH_2-$ समूह में अपचयित करते हैं :

(a) $HI/P/\Delta$ (b) $Zn/Hg$/सान्द्र $HCl$ एवं (c) $NH_2-NH_2/\overset{\ominus}{O}H$.

$$R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-R' \xrightarrow{HI/P/\Delta} R-CH_2-R'$$

$$R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-R' \xrightarrow[\Delta]{Zn/Hg/\text{सान्द्र } HCl} R-CH_2-R' \text{ (क्लेमेन्सन अपचयन)}$$

$$R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-R' \xrightarrow[\Delta]{NH_2-NH_2/\overset{-}{O}H} R-CH_2-R' \text{ (वुल्फ किश्नर अपचयन)}$$

(ii) ***कार्बोनिल यौगिकों का हाइड्रॉक्सी यौगिकों में अपचयन*** : कार्बोनिल समूह को $-CHOH-$ समूह में निम्न के द्वारा बदल सकते हैं $LiAlH_4, NaBH_4, Na/C_2H_5OH$ एवं एल्यूमीनियम आइसोप्रोपॉक्साइड

$$R-CHO \xrightarrow[\text{(ii) } NaBH_4 \text{ (iii) एल्यूमीनियम आइसोप्रोपोक्साइड}]{\text{(i) } LiAlH_4} R-CH_2OH$$

$$R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-R' \xrightarrow[\text{(ii) } NaBH_4 \text{ (iii) एल्यूमीनियम आइसोप्रोपोक्साइड}]{\text{(i) } LiAlH_4} R-\overset{OH}{\overset{|}{C}H}-R'$$

$NaBH_4$ विशिष्ट चयनित अपचायक है क्योंकि यह अन्य अपचयित समूह की उपस्थिति में भी केवल *CHO* समूह को अपचयित करता है।

*उदाहरण* :

$$\underset{\text{क्रोटोनएल्डिहाइड}}{CH_3-CH=CH-CHO} \xrightarrow{NaBH_4} \underset{\text{क्रोटोनिल एल्कोहल}}{CH_3-CH=CH-CH_2OH}$$

अपचयन के दौरान $NaBH_4$ का हाइड्राइड आयन कार्बोनिल कार्बन पर आक्रमण करता है।

*उदाहण*: $\underset{\text{2-ब्यूटेनोन}}{CH_3-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-CH_3} \xrightarrow[D_2O]{NaBD_4} CH_3-\overset{OD}{\overset{|}{\underset{D}{\underset{|}{C}}}}-CH_2-CH_3$

$$\underset{\text{2 ब्यूटेनोन}}{CH_3-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-CH_3} \xrightarrow[H_2O]{NaBD_4} CH_3-\overset{OH}{\overset{|}{\underset{D}{\underset{|}{C}}}}-CH_2-CH_3$$

$$\underset{\text{2 ब्यूटेनोन}}{CH_3-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-CH_3} \xrightarrow[D_2O]{NaBH_4} CH_3-\overset{OD}{\overset{|}{\underset{H}{\underset{|}{C}}}}-CH_2-CH_3$$

(iii) ***अपचायी एमीनीकरण अपचयन*** : इस अपचयन में $-CO-$ समूह निम्न प्रकार से $-CH-NH_2$ समूह में परिवर्तित होता है

$$\begin{matrix}R\\R\end{matrix}\!\!>C=O+NH_3 \longrightarrow \underset{\text{इमीन}}{\begin{matrix}R\\R\end{matrix}\!\!>C=NH} \xrightarrow{H_2/Ni} \underset{\text{प्राथमिक एमीन}}{\begin{matrix}R\\R\end{matrix}\!\!>CH-NH_2}$$

(iv) Mg ***अथवा Mg/Hg द्वारा कीटोन का अपचयन*** : इस प्रकरण में कीटोन को युग्मन अभिक्रिया द्वारा अपचयित करते हैं एवं उत्पाद विस सिस डाईऑल बनता है।

$$R-\overset{O}{\overset{\|}{\underset{R}{\underset{\|}{C}}}} + \overset{O}{\overset{\|}{\underset{R}{\underset{\|}{C}}}}-R \xrightarrow[\text{(ii) } HOH]{\text{(i) } Mg/Hg} \underset{\text{विस सिस डाईऑल (पिनाकॉल)}}{R-\overset{OH}{\overset{|}{\underset{R}{\underset{|}{C}}}}-\overset{OH}{\overset{|}{\underset{R}{\underset{|}{C}}}}-R}$$

जब यह अभिक्रिया $Mg/Hg/TiCl_4$ की उपस्थिति में कराई जाती है, तो उत्पाद विस ट्रान्स डाईऑल बनता है।




(v) ***बेन्जल्डिहाइड का $Na/C_2H_5OH$ द्वारा अपचयन*** : बेन्जल्डिहाइड युग्मन अभिक्रिया द्वारा अपचयित होता है एवं उत्पाद विस डाईऑल बनता है।

$$C_6H_5-\overset{O}{\overset{\|}{\underset{H}{\underset{|}{C}}}}+\overset{O}{\overset{\|}{\underset{H}{\underset{|}{C}}}}-C_6H_5 \xrightarrow[\text{(ii) } HOH]{\text{(i) } Na/C_2H_5OH}$$

$$\underset{\text{विस डाईऑल}}{C_6H_5-\overset{OH}{\overset{|}{C}H}-\overset{OH}{\overset{|}{C}H}-C_6H_5} \text{ (बोवेल्ट ब्लेंक अभिक्रिया)}$$

❑ *एल्डिहाइड 1° एल्कोहल में अपचयित होते हैं जबकि कीटोन 2° एल्कोहल में अपचयित होते हैं। यदि कार्बोनिल यौगिक में कार्बन-कार्बन द्विबन्ध भी उपस्थित हो, तो वह भी कार्बोनिल समूह के साथ अपचयित होता है। किन्तु अभिकर्मक 9-BBN (9–बोरो बाइसाइक्लो (3, 3, 1) नॉनेन) के उपयोग से इसे रोका जा सकता है और इस तरह केवल कार्बोनिल समूह ही अपचयित होता है।*

*उदाहरण :*




❑ *यदि अपचायक NaH हो, तो अभिक्रिया डार्जन अभिक्रिया कहलाती है, इस अभिक्रिया में हम $LiAlH_4$ का उपयोग भी कर सकते हैं।*

❑ *यदि अपचायक एल्यूमीनियम आइसोप्रोपॉक्साइड,* $(CH_3-\underset{CH_3}{\underset{|}{C}}H-O-)_3Al$ *हो तो उत्पाद एल्कोहल होगा। इस अभिक्रिया को मिरविन-पोण्डोर्फ वर्ले अपचयन (MPV अपचयन) कहते हैं।*

❑ *वोल्फ किशनर अपचयन में डाईएथिलीन ग्लायकॉल के उपयोग द्वारा एल्केन की प्रतिशत मात्रा बढ़ायी जा सकती है, तब इस अभिक्रिया को हुआंग-मिलान परिवर्तन कहते हैं।*

(vi) *हाइड्राजोन को जब क्षार जैसे एल्कॉक्साइड के साथ अभिकृत करते हैं तो ये हाइड्रोकार्बन देते हैं। (वोल्फ-किशनर अपचयन)*

$$R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-R' \xrightarrow{NH_2NH_2} \underset{\text{हाइड्राजोन}}{R-\overset{N.NH_2}{\overset{\|}{C}}-R'} \xrightarrow[\Delta]{RONa} R-CH_2-R$$

(vii) *शिफ क्षार अपचयन पर द्वितीयक एमीन देते हैं,*

$$\underset{\text{एल्डिहाइड}}{R-CH=O} \xrightarrow{R'NH_2} \underset{\text{शिफ क्षार}}{R-CH=NR'} \xrightarrow{H_2/Ni} \underset{\text{द्वितीयक एमीन}}{R-CH_2NHR}$$

(5) α- हाइड्रोजन के कारण अभिक्रियाएँ

(i) ***α*-हाइड्रोजन की अम्लीयता**:

(a) इलेक्ट्रोन आकर्षी, $-CO-$ समूह की उपस्थिति के कारण कार्बोनिल यौगिक का $\alpha$-हाइड्रोजन अम्लीय प्रकृति का होता है।




(b) इस तरह $\alpha$-हाइड्रोजन युक्त कार्बोनिल यौगिकों को क्षार की उपस्थिति में कार्बएनायन में बदला जाता है। यह कार्बएनायन ऋणावेश के विस्थानीकरण द्वारा स्थायी होता है।

$$CH_3-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-R \overset{\text{क्षार}}{\rightleftharpoons} \underset{\text{कार्बेनियन (कम स्थायी)}}{\overset{\ominus}{C}H_2-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-R} \longleftrightarrow \underset{\text{इनोलेट आयन (अधिक स्थायी)}}{CH_2=\overset{O^{\ominus}}{\overset{|}{C}}-R}$$

(c) $\alpha$-हाइड्रोजन की अम्लीयता एथाइन से अधिक होती है। एल्डिहाइड एवं कीटोन का $pKa$ मान सामान्यतः 19 – 20 होता है जबकि एथाइन का $pKa$ का मान 25 होता है।

(d) यौगिक जिनमें सक्रिय मेथिलीन समूह होता है अथवा मेथिलीन समूह, साधारण एल्डिहाइड एवं कीटोन से अधिक अम्लीय होता है।

$$\underset{\alpha\text{-फेनिल एसीटोन}}{C_6H_5-\overset{\alpha}{C}H_2-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-CH_3} \quad pKa=15.9$$

$$\underset{\alpha\text{-बेन्जोइल एसीटोन}}{C_6H_5-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-\overset{\alpha}{C}H_2-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-CH_3} \quad pKa=8.5$$

(ii) **हैलोजनीकरण**: कार्बोनिल यौगिक जिनमें $\alpha$-हाइड्रोजन होता है हैलोजनीकरण अभिक्रिया देते हैं। यह अभिक्रिया अम्ल एवं क्षार दोनों द्वारा उत्प्रेरित होती है।

(a) *अम्ल उत्प्रेरित हैलोजनीकरण*: यह केवल मोनो हैलो व्युत्पन्न देता है।

$$\underset{\text{एसीटोन}}{CH_3-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-CH_3} \xrightarrow{Br_2/CH_3COOH} \underset{\alpha-\text{ब्रोमो एसीटोन}}{CH_3-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-CH_2Br}$$

(b) *क्षार उत्प्रेरित हैलोजनीकरण*: क्षार की उपस्थिति में एक $\alpha$-कार्बन के सभी हाइड्रोजन हैलोजन द्वारा प्रतिस्थापित हो जाते हैं।




कार्बोनिल यौगिक जिनमें तीन $\alpha$-हाइड्रोजन होते हैं **हैलोफॉर्म** अभिक्रिया देते हैं।

$$R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-CH_3 \xrightarrow{X_2/\overset{\ominus}{O}H} R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-CX_3 \xrightarrow{\overset{\ominus}{O}H} RCO\overset{\ominus}{O}+CHX_3$$

(iii) ***ड्यूटेरियम विनिमय अभिक्रिया***: ड्युटेरियम विनिमय अभिक्रिया अम्ल $(D^{\oplus})$ एवं क्षार$(\overset{\ominus}{OD})$ दोनों द्वारा उत्प्रेरित होती है। दोनो प्रकरण में केवल $\alpha$-कार्बन के सभी हाइड्रोजन $D$ द्वारा प्रतिस्थापित हो जाते हैं।

$$R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-CH_2-R \xrightarrow{D_2O/\overset{\ominus}{O}D} R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-CD_2-R\ ;$$

$$R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-CH_2-R \xrightarrow{D_2O/\overset{\oplus}{D}} R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-CD_2-R$$

(iv) ***रेसिमीकरण***: कीटोन जिनका $\alpha$-कार्बन किरेल अथवा असममित होता है अम्ल एवं क्षार की उपस्थिति में रेसिमीकरण करते हैं।

$$\underset{2-\text{मेथिल-1-फेनिल-1-ऑन}}{C_6H_5-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-\underset{H}{\overset{CH_3}{C}}-C_2H_5} \xrightarrow[\overset{\ominus}{O}H]{H^{\oplus}\text{ या}} \underset{\text{रेसिमिक मिश्रण}}{C_6H_5-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-\underset{H}{\overset{CH_3}{C}}-C_2H_5}$$

$$+\ C_2H_5-\underset{H}{\overset{CH_3}{C}}-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-C_6H_5$$

(v) ***एल्कलीकरण***: कार्बोनिल यौगिक जिनमें $\alpha$-हाइड्रोजन होता है क्षार की उपस्थिति में $RX$ के साथ एल्कलीकरण अभिक्रिया देते हैं। यह अभिक्रिया $S_{N^2}$ अभिक्रिया होती है। $CH_3-X$ के साथ उत्तम परिणाम प्राप्त होते हैं। अन्य हैलाइड प्रबल क्षार की उपस्थिति में विलोपन देते हैं।




(vi) ***विटिग अभिक्रिया***: एल्डिहाइड एवं कीटोन विटिग अभिक्रिया देते हैं और एल्कीन बनाते हैं।

$$Ph_3P=CH_2+\underset{\text{एल्डिहाइड या कीटोन}}{>C=O} \longrightarrow \underset{\text{एल्कीन}}{>C=CH_2}+\underset{\text{ट्राईफेनिल फॉस्फोनियम ऑक्साइड}}{Ph_3P=O}$$

$$Ph_3P=CHR^1+\underset{O}{\underset{\|}{C}}HR^2 \longrightarrow Ph_3P^{\oplus}-\underset{O^{\ominus}-CHR^2}{\underset{|}{C}HR^1} \longrightarrow$$

$$\underset{O-CHR^2}{Ph_3\,P-CHR^1} \longrightarrow \underset{O}{\underset{\|}{Ph_3\,P}}+\underset{CHR^2}{\underset{\|}{CHR^1}}$$

(6) **कार्बोनिल यौगिकों की संघनन अभिक्रियाएँ :** कार्बोनिल समूह युक्त यौगिकों की उन यौगिकों के साथ नाभिकस्नेही योगात्मक अभिक्रिया, जिनमें कम से कम एक अम्लीय हाइड्रोजन $\alpha$-कार्बन पर स्थित हो, संघनन अभिक्रिया कहलाती है। इस योगात्मक अभिक्रिया में क्रियाकारी हमेशा कार्बनिक यौगिक होता है जिसमें कार्बोनिल समूह होता है। उदाहरण:

$$H-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-H,\quad C_6H_5-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-H,\quad R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-H,\quad R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-R$$ आदि

योग हमेशा कार्बोनिल समूह पर होता है।

संघनन अभिक्रिया के अभिकर्मक भी कार्बनिक यौगिक होते हैं जिनमें $\alpha$-कार्बन पर कम से कम एक हाइड्रोजन होता है एवं $\alpha$-कार्बन पर $-I$ समूह होना चाहिये, उदाहरण,

$$\overset{\alpha}{C}H_3-NO_2,\quad CH_3-\overset{\alpha}{C}H(CH_3)-CHO,\quad CH_3-\overset{\alpha}{C}H_2-CN$$

❑ *यदि क्रियाकारी (Substrate) एवं अभिकर्मक (Reagent) दोनों कार्बोनिल यौगिक हैं तो उनमें से एक पर कम से कम एक हाइड्रोजन परमाणु $\alpha$-कार्बन पर होना चाहिये एवं दूसरे पर $\alpha$-हाइड्रोजन हो भी सकता है और नहीं भी।*

संघनन अभिक्रियाएँ हमेशा अम्ल अथवा क्षार उत्प्रेरक की उपस्थिति में होती हैं। सर्वोत्तम परिणाम कम ताप पर क्षार के साथ प्राप्त होते हैं।

$$R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-R+CH_3-Z\xrightarrow[\overset{\ominus}{O}H]{H^{\oplus}\text{ या}}R-{}_{\alpha}\overset{OH}{\underset{R}{C}}-\underset{\beta}{C}H_2-Z$$

संघनन कम ताप ($\le 20°C$) पर किया जाता है क्योंकि अभिक्रिया में उत्पाद एल्कोहल बनता है जिसमें $\beta$- कार्बन पर प्रबल $-I$ समूह होता है

इस प्रकार के एल्कोहल निर्जलीकरण के लिये अत्यंत क्रियाशील होते हैं। ये अम्ल एवं क्षार दोनों की उपस्थिति में $25°C$ पर निर्जलीकरण करते हैं ये अधिक ताप पर गर्म करने पर विलोपन भी करते हैं।

$$R-\underset{\alpha}{\overset{OH}{\underset{R}{C}}}-\underset{\beta}{C}H_2-Z\xrightarrow[\text{निर्जलीकरण}]{\overset{\ominus}{H}O/\Delta}\begin{matrix}R\\R\end{matrix}\!\!>C=CH-Z$$

(i) ***एल्डोल संघनन***

(a) यह अभिक्रिया कार्बोनिल यौगिकों के दो अणुओं के बीच होती है; एक अणु में कम से कम दो $\alpha$-हाइड्रोजन परमाणु होने चाहिये। इस अभिक्रिया में सर्वोत्तम परिणाम तब प्राप्त होते हैं, जब दोनों अणु समान हो अथवा एक में $\alpha$-हाइड्रोजन परमाणु नहीं होना चाहिये एवं दूसरे अणु में कम से कम दो $\alpha$-हाइड्रोजन परमाणु होना चाहिये।

(b) ये अभिक्रियाएँ अनुप्रयोगी होती हैं जब क्षार $NaOH$ हो और अभिक्रिया ताप उच्च हो ($\ge 100°$).

(c) अभिक्रिया दो पदों में होती है। प्रथम पद में एल्डोल का निर्माण होता है एवं द्वितीय पद में एल्डोल का निर्जलीकरण होता है।

$$CH_3-CHO+CH_3-CHO\xrightarrow[\Delta]{NaOH\,/\,\overset{\ominus}{O}H}\left[CH_3-\overset{OH}{\overset{|}{C}H}-CH_2-CHO\right]$$

$$\xrightarrow{\text{निर्जलीकरण}}\underset{a,\,\beta-\text{असंतृप्त एल्डिहाइड}}{CH_3-CH=CH-CHO}$$

क्रोटोनएल्डिहाइड में अतिसंयुग्मन के कारण और अधिक संघनन, संयुग्मित एल्कीन कार्बोनिल यौगिक देता है

$$CH_3-CH=CH-CHO+CH_3-CH=CH-CHO$$
$$\downarrow NaOH$$
$$CH_3-CH=CH-\overset{OH}{\overset{|}{C}H}-CH_2-CH=CH-CHO$$
$$\Delta\downarrow -H_2O$$
$$CH_3-CH=CH-CH=CH-CH=CH-CHO$$
$$\downarrow$$
$$\underset{\text{संघनित यौगिक}}{CH_3-(CH=CH-)_n-CHO}$$

क्रियाविधि : $C_6H_5-CHO+CH_3-CHO\xrightarrow{\overset{\ominus}{O}H/\Delta}$

$$C_6H_5-CH=CH-CHO+HOH$$

पद I : $$\overset{\ominus}{H}O+H-CH_2-CHO\rightleftharpoons HOH+\left[\overset{\ominus}{C}H_2-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-H\longleftrightarrow CH_2=\overset{\overset{\ominus}{O}}{\overset{|}{C}}-H\right]$$

पद II : $$C_6H_5-\overset{O}{\overset{\|}{\underset{H}{C}}}+\overset{\ominus}{C}H_2-CHO\longrightarrow$$

$$C_6H_5-\overset{\overset{\ominus}{O}}{\underset{H}{C}}-CH_2-CHO\xrightarrow{HOH}C_6H_5-\overset{OH}{\underset{H}{C}}-CH_2-CHO+\overset{\ominus}{O}H$$

पद III :

$$C_6H_5-\overset{OH}{C}H-\underset{H}{C}H-CHO\longrightarrow C_6H_5-CH=CH-CHO+HOH$$
$$\overset{\ominus}{O}H$$

एल्डोल संघनन में निर्जलीकरण शीघ्रता से पाया जाता है क्योंकि बना हुआ द्विबन्ध, कार्बोनिल समूह एवं बेन्जीन वलय दोनों के साथ संयुग्मित होता है। संयुग्मन तन्त्र इस के बाद विस्तारित होता है।

**क्रॉस एल्डोल संघनन :** दो भिन्न एल्डिहाइड अथवा दो भिन्न कीटोन अथवा एक एल्डिहाइड एवं दूसरे कीटोन के बीच एल्डोल संघनन जिसमें कम से कम एक घटक ऐसा हो जिसमें $\alpha$-हाइड्रोजन परमाणु उपस्थित हो, विभिन्न संभावित उत्पाद देते हैं।

(a) $$\underset{\text{एथेनल}}{CH_3CHO}+\underset{\text{प्रोपेनल}}{CH_3-CH_2-CHO}\xrightarrow{\text{तनु }NaOH}$$

$$CH_3-\overset{OH}{\overset{|}{C}H}-\overset{CH_3}{\overset{|}{C}H}-CHO+CH_3-CH_2-CHOH-CH_2-CHO$$

किन्तु क्रॉस एल्डोल संघनन केवल तब महत्वपूर्ण होता है जब घटकों में $\alpha$-हाइड्रोजन परमाणु होता है। उदाहरण :

$$CH_2O+CH_3CHO\longrightarrow\underset{\text{(3-हाइड्रॉक्सी प्रोपेनल)}}{\underset{OH}{\underset{|}{C}H_2}-CH_2-CHO}\xrightarrow[-H_2O]{\Delta}\underset{\text{(एक्रोलिन)}}{CH_2=CH-CHO}$$

**अन्तर्राण्विक एल्डोल संघनन :** एक अन्तर्राण्विक समूह संघनित होकर एल्डोल यौगिक देते हैं

उदाहरण :

$$O=CH-(CH_2)_5-CHO\xrightarrow{\text{तनु }NaOH}$$




(ii) ***क्लेजन – श्मिट अभिक्रिया*** : एरोमैटिक एल्डिहाइड एवं एलिफैटिक कीटोन या मिश्रित कीटोन के बीच क्रॉस एल्डोल संघनन क्लेजन श्मिट संघनन कहलाता है, जब क्षार जैसे सोडियम हाइड्रॉक्साइड प्रयुक्त किया जाता है, तब क्लेजन श्मिट अभिक्रिया अधिक अनुप्रयोगी होती है, क्योंकि इन परिस्थितियों में कीटोन स्वसंघनन नहीं करता । इस अभिक्रिया के कुछ उदाहरण हैं :

$$C_6H_5CHO + CH_3-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-CH_3 \xrightarrow[100°C]{OH^-} C_6H_5-CH=CH-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-CH_3$$
4–फेनिल–3–ब्यूटीन-2-ऑन

## एल्डिहाइड एवं कीटोन के परीक्षण (विभेदन)
**(Test of aldehydes and ketones (Distinction))**

सारणी : 27.1

| परीक्षण | एल्डिहाइड | कीटोन |
|---|---|---|
| शिफ अभिकर्मक के साथ | गुलाबी रंग देता है। | कोई रंग नहीं देता है। |
| फेहलिंग विलयन के साथ | लाल अवक्षेप देता है। | कोई अवक्षेप नहीं बनता है। |
| टॉलेन अभिकर्मक के साथ | रजत दर्पण या काला अवक्षेप बनता है। | रजत दर्पण का कोई काला अवक्षेप नहीं बनता है। |
| जल में संतृप्त सोडियम बाइसल्फाइट विलयन के साथ | क्रिस्टलीय यौगिक (रंगहीन) बनता है। | क्रिस्टलीय यौगिक (रंगहीन) बनता है। |
| 2, 4 डाईनाइट्रोफेनिल हाइड्राजीन के साथ | नारंगी-पीले अथवा लाल रंग के क्रिस्टल बनते हैं जो व्यक्तिगत एल्डिहाइड के लाक्षणिक एवं गलनांक के साथ होते हैं | लाल-पीले अथवा लाल क्रिस्टल बनते हैं जो व्यक्तिगत कीटोन के लाक्षणिक एवं गलनांक के साथ होते हैं |
| सोडियम हाइड्रॉक्साइड के साथ | भूरा रेजिन जैसा पदार्थ बनाते हैं (फॉर्मेल्डिहाइड यह परीक्षण नहीं देता) | कोई अभिक्रिया नहीं। |
| सोडियम नाइट्रोप्रुसाइड एवं सोडियम हाइड्रॉक्साइड की कुछ बूँद के साथ | गहरा लाल रंग आता है (फॉर्मेल्डिहाइड यह परीक्षण नहीं देता) | लाल रंग आता है जो नारंगी में बदल जाता है। |

## कुछ महत्वपूर्ण व्यापारिक एलिफैटिक कार्बोनिल यौगिक
**(Some commercial important aliphatic carbonyl compounds)**

**फॉर्मेल्डिहाइड :** फॉर्मेल्डिहाइड एल्डिहाइड श्रेणी का प्रथम सदस्य है। यह पौधों की हरी पत्तियों में पाया जाता है जहाँ इसकी उपस्थिति सूर्य प्रकाश एवं क्लोरोफिल की उपस्थिति में $CO_2$ की जल के साथ क्रिया के कारण मानी गयी है।

(1) **बनाने की विधियाँ**

(i) $2CH_3OH + O_2 \xrightarrow[300-400°C]{\text{प्लेटिनीकृत एस्बेस्टस}} \underset{\text{फॉर्मेल्डिहाइड}}{HCHO}$

$CH_3OH + [O] \xrightarrow[H_2SO_4]{K_2Cr_2O_7} HCHO + H_2O$

(ii) $CH_3OH \xrightarrow[300-400°C]{Cu \text{ or } Ag} \underset{\text{फॉर्मेल्डिहाइड}}{HCHO}$

(iii) $\underset{\text{कैल्शियम फॉर्मेट}}{Ca(HCOO)_2} \xrightarrow{\text{गर्म}} \underset{\text{फॉर्मेल्डिहाइड}}{HCHO}$

(iv) $CH_2 = CH_2 + O_3 \xrightarrow[Pd]{H_2} \underset{\text{फॉर्मेल्डिहाइड}}{HCHO}$

(v) $\underset{\text{मेथेन}}{CH_4} + O_2 \xrightarrow[\text{उत्प्रेरक}]{\text{Mo-ऑक्साइड}} \underset{\text{फॉर्मेल्डिहाइड}}{HCHO}$

(vi) $CO + H_2 \xrightarrow{\text{विद्युत विसर्जन}} \underset{\text{फॉर्मेल्डिहाइड}}{HCHO}$

(2) **भौतिक गुण**

(i) यह रंगहीन तीव्र गन्ध वाली गैस है।

(ii) यह जल में शीघ्र घुलनशील है। जल में इसकी घुलनशीलता जल अणुओं एवं इसके हाइड्रेट के मध्य हाइड्रोजन बन्धन के कारण हो सकती है।

(iii) इसे आसानी से द्रव में संघनित किया जा सकता है। द्रव फॉर्मेल्डिहाइड $-21°C$ पर उबलता है।

(iv) यह त्वचा, आँख, नाक एवं गले में जलन उत्पन्न करता है।

(v) इसका विलयन पूर्तिरोधी, एवं संक्रमणरोधी की तरह कार्य करता है।

(3) **उपयोग**

(i) फॉर्मेल्डिहाइड के 40% विलयन (फॉर्मलिन) का उपयोग रोगाणुनाशक, कीटाणुनाशक एवं पूर्तिरोधी की तरह होता है। यह जैविक प्रारूप को सुरक्षित करने में प्रयुक्त होता है। फॉर्मलीन में $40\% HCHO$, $8\% CH_3OH$ और 52% जल होता है।

(ii) इसका उपयोग हैक्सामेथिलीन टेट्राएमीन (यूरोट्रोपिन) बनाने में होता है जिसे पूर्तिरोधी एवं कीटाणुनाशक की तरह प्रयुक्त करते हैं।

(iii) इसका प्रयोग दर्पण के रजतीकरण में होता है।

(iv) इसे संश्लेषित रंजक जैसे पैरा रोजाएनिलीन, इण्डिगो आदि बनाने में प्रयुक्त करते हैं।

(v) इसका उपयोग **फॉर्मामिण्ट** के (फॉर्मेल्डिहाइड़ को लेक्टोज के साथ मिलाकर) निर्माण में करते हैं जिसे गले को साफ करने में प्रयुक्त करते हैं।

(vi) इसका उपयोग संश्लेषित प्लास्टिक जैसे बैकेलाइट, यूरिया फॉर्मेल्डिहाइड रेजिन, आदि बनाने में होता है।

(vii) ***रोंगेलाइट*** – एक उत्पाद जिसे फॉर्मेल्डिहाइड सोडियम बाईसल्फाइट व्युत्पन्न को जिंक रंज एवं अमोनिया के साथ अपचयित कर प्राप्त करते हैं एवं इसका उपयोग वैट रंजन में अपचायक की तरह करते हैं।

### *एसीटेल्डिहाइड (Acetaldehyde)*

एसीटेल्डिहाइड, एल्डिहाइड श्रेणी का द्वितीय सदस्य है। यह कुछ निश्चित फलों में पाया जाता है। इसे सर्वप्रथम शीले ने 1774 में एथिल एल्कोहल के ऑक्सीकरण से बनाया था।

(1) **बनाने की विधियाँ :** इसे किसी भी सामान्य विधि द्वारा बनाया जा सकता है। इन विधियों का सारांश नीचे दिया गया है।

(i) सिल्वर जैसे उत्प्रेरक की उपस्थिति में $300°C$ पर वायु या अम्लीय पोटेशियम डाइक्रोमेट के साथ एथिल एल्कोहल के ऑक्सीकरण द्वारा।

(ii) एथिल एल्कोहल के विहाइड्रोजनीकरण द्वारा जिसमें एथिल एल्कोहल की वाष्पों को $300°C$ पर कॉपर पर से गुजारते हैं।

(iii) कैल्शियम एसीटेट और कैल्शियम फॉर्मेट के मिश्रण को गर्म करके।

(iv) एथिलीडीन क्लोराइड को कॉस्टिक सोडा या कॉस्टिक पोटॉश विलयन के साथ गर्म करके।

(v) बेरियम सल्फेट में निलंबित पैलेडियम उत्प्रेरक की उपस्थिति में एसीटिल क्लोराइड के हाइड्रोजन के साथ अपचयन द्वारा (रोजेनमुण्ड अभिक्रिया)।

(vi) ईथर में $CH_3CN$ का स्टेनस क्लोराइड और $HCl$ द्वारा अपचयन और जलअपघटन (स्टीफन विधि)

(vii) $60°C$ पर एसीटिलीन के तनु $H_2SO_4$ और $HgSO_4$ द्वारा जलयोजन से।

(viii) ब्यूटीन-2 के ओजोनीकरण और उसके तुरंत बाद ओजोनाइड के वियोजन द्वारा।

(ix) ***प्रयोगशाला विधि*** **:** प्रयोगशाला में एसीटेल्डिहाइड को एथिल एल्कोहल के अम्लीय पोटेशियम डाईक्रोमेट अथवा अम्लीय सोडियम डाईक्रोमेट द्वारा ऑक्सीकरण से प्राप्त करते हैं।

$$K_2Cr_2O_7 + 4H_2SO_4 \longrightarrow K_2SO_4 + Cr_2(SO_4)_3 + 4H_2O + 3[O]$$

$$[CH_3CH_2OH + O \longrightarrow CH_3CHO + H_2O] \times 3$$

---

$$\underset{\text{पोटेशियम डाइक्रोमेट}}{K_2Cr_2O_7} + \underset{\text{एथिल एल्कोहल}}{3CH_3CH_2OH} + \underset{\text{सल्फ्यूरिक अम्ल}}{4H_2SO_4} \longrightarrow$$

$$\underset{\text{पोटेशियम सल्फेट}}{K_2SO_4} + \underset{\text{क्रोमिक सल्फेट}}{Cr_2(SO_4)_3} + \underset{\text{एसीटेल्डिहाइड}}{3CH_3CHO} + \underset{\text{जल}}{7H_2O}$$

एसीटेल्डिहाइड को निष्कासित करने के लिये, आसुत को शुष्क अमोनिया के साथ अभिकृत करते हैं तब क्रिस्टलीय उत्पाद, एसीटेल्डिहाइड अमोनिया बनता है। इसे छानकर शुष्क ईथर के साथ धोते हैं। शुष्क क्रिस्टलों को फिर तनु सल्फ्यूरिक अम्ल के साथ आसवित करते हैं जिससे प्राप्त शुद्ध एसीटेल्डिहाइड को एकत्र कर लेते हैं।

$$CH_3CHO + NH_3 \rightarrow \underset{\text{एसीटेल्डिहाइड अमोनिया}}{CH_3 - \overset{\overset{OH}{|}}{C}H - NH_2} \xrightarrow{H_2SO_4} \underset{\text{एसीटेल्डिहाइड}}{CH_3CHO} + (NH_4)_2SO_4$$

(x) ***निर्माण*** : एसीटेल्डिहाइड को निम्न में से किसी एक विधि द्वारा निर्मित कर सकते हैं :

(a) एथिल एल्कोहल के वायु द्वारा ऑक्सीकरण से

$$2CH_3CH_2OH + O_2 \xrightarrow[300°C]{Ag} 2CH_3CHO + 2H_2O$$

(b) *एल्कोहल के विहाइड्रोजनीकरण द्वारा*

$$CH_3CH_2OH \xrightarrow[300°C]{Cu} CH_3CHO$$

(c) *एसीटिलीन के जलयोजन से*

$$CH \equiv CH + H_2O \xrightarrow[H_2SO_4(40\%)]{HgSO_4(1\%), 60°C} CH_3CHO$$

(d) *एथिलीन से (वेकर विधि)*

$$H_2C = CH_2 + O_2 \xrightarrow[H_2O]{PdCl_2, CuCl_2} H_3C - CHO$$

(2) **भौतिक गुण**

(i) एसीटेल्डिहाइड रंगहीन, वाष्पशील द्रव है। इसका क्वथनांक 21°C होता है।

(ii) इसकी विशिष्ट लाक्षणिक तीव्र गन्ध होती है।

(iii) यह जल, क्लोरोफॉर्म, एथिल एल्कोहल एवं ईथर में विलेय है। इसके जलीय विलयन में मधुर गन्ध होती है। जल में ये पर्याप्त मात्रा तक जलयोजित होता है और अस्थाई एथिलीडीन डाईऑल बनाता है।

$$CH_3CHO + H_2O \longrightarrow CH_3CH(OH)_2$$

(3) **उपयोग :** एसीटेल्डिहाइड प्रयुक्त होता है :

(i) एसीटिक अम्ल, एसीटिक एनहाइड्राइड, एथिल एसीटेट, क्लोरल, 1,3-ब्यूटाडाईन (रबर में प्रयुक्त), रंजक एवं दवा के निर्माण में।

(ii) पूर्तिरोधी इनहेल की तरह नाक की बाधा दूर करने में प्रयुक्त होता है।

(iii) पैराएल्डिहाइड (निद्राकारी) तथा मैटाएल्डिहाइड (ठोस ईंधन) के निर्माण में

(iv) एसीटेल्डिहाइड अमोनिया के बनाने में (रबर त्वरक)

**सारणी : 27.2 फॉर्मेल्डिहाइड एवं एसीटेल्डिहाइड का तुलनात्मक अध्ययन**

| क्रमांक | अभिक्रिया | फॉर्मेल्डिहाइड *HCHO* | एसीटेल्डिहाइड $CH_3CHO$ |
|---|---|---|---|
| **समानता** | | | |
| 1. | हाइड्रोजन का योग<br>(a) उत्प्रेरक *Ni*, *Pd* या *Pt* की उपस्थिति में $H_2$<br>(b) $LiAlH_4$ (ईथर)<br>(c) अमलगमित जिंक + सान्द्र *HCl* (क्लेमेन्सन अपचयन) | मेथिल एल्कोहल बनाते हैं।<br>$HCHO + H_2 \longrightarrow CH_3OH$<br>मेथिल एल्कोहल बनाते हैं।<br>मेथेन बनता है<br>$HCHO + 4H \longrightarrow CH_4 + H_2O$ | एथिल एल्कोहल बनाता है<br>$CH_3CHO + H_2 \longrightarrow CH_3CH_2OH$<br>एथिल एल्कोहल बनाता है<br>एथेन बनाता है<br>$CH_3CHO + 4H \longrightarrow C_2H_6 + H_2O$ |
| 2. | $NaHSO_3$ विलयन का योग | बाइसल्फाइट योग उत्पाद बनता है।<br>$HCHO + NaHSO_3 \longrightarrow CH_2(OH)SO_3Na$ | बाइसल्फाइट योग उत्पाद बनता है।<br>$CH_3CHO + NaHSO_3 \longrightarrow CH_3CH(OH)SO_3Na$ |
| 3. | *HCN* का योग | फार्मेल्डिहाइड साइनोहाइड्रिन बनता है।<br>$HCHO + HCN \longrightarrow CH_2(OH)CN$ | एसीटेल्डिहाइड साइनोहाइड्रिन बनता है<br>$CH_3CHO + HCN \longrightarrow CH_3CH(OH)CN$ |
| 4. | ग्रिगनार्ड अभिकर्मक का योग तत्पश्चात जल अपघटन | एथिल एल्कोहल बनता है (1°)<br>$HCHO + CH_3MgI \longrightarrow CH_2\begin{cases} OMgI \\ CH_3 \end{cases}$<br>$\xrightarrow[-Mg(OH)I]{H_2O} CH_3CH_2OH$ | आइसोप्रोपिल एल्कोहल बनता है (2°)<br>$CH_3CHO + CH_3MgI \longrightarrow$<br>$CH_3 - \underset{\underset{CH_3}{\vert}}{C}HOMgI \xrightarrow[-Mg(OH)I]{H_2O}$<br>$CH_3 - \underset{\underset{CH_3}{\vert}}{C}H - OH$ |
| 5. | हाइड्रॉक्सिल एमीन $(NH_2OH)$ के साथ | फॉर्मेल्डॉक्सिम बनता है | एसीटेल्डॉक्सिम बनता है |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | $CH_2=O+H_2NOH \xrightarrow{-H_2O}$ $CH_2=NOH$ | $CH_3CH=O+H_2NOH \xrightarrow{-H_2O}$ $CH_3CH=NOH$ |
| 6. | हाइड्राजीन $(NH_2NH_2)$ के साथ | फॉर्मेल्डिहाइड हाइड्राजोन बनता है। $CH_2O+H_2N\ NH_2 \xrightarrow{-H_2O}$ $CH_2=NNH_2$ | एसीटेल्डिहाइड हाइड्राजोन बनता है $CH_3CH=O+H_2NNH_2 \xrightarrow{-H_2O}$ $CH_3CH=NNH_2$ |
| 7. | फेनिल हाइड्राजीन $(C_6H_5NHNH_2)$ के साथ | फॉर्मेल्डिहाइड फेनिल हाइड्राजोन बनता है। $CH_2=O+H_2NNHC_6H_5 \xrightarrow{-H_2O}$ $CH_2=NNHC_6H_5$ | एसीटेल्डिहाइड फेनिल हाइड्राजोन बनता है। $CH_3CH=O+H_2NNHC_6H_5$ $\xrightarrow{-H_2O} CH_3CH=NNHC_6H_5$ |
| 8. | सेमीकार्बेजाइड $(H_2NNHCONH_2)$ के साथ | फार्मेल्डिहाइड सेमीकार्बेजोन बनता है। $CH_2=O+H_2NNHCONH_2 \xrightarrow{-H_2O}$ $CH_2=NNHCONH_2$ | एसीटेल्डिहाइड सेमीकार्बेजोन बनता है। $CH_3CH=O+H_2NNHCONH_2$ $\xrightarrow{-H_2O} CH_3CH=NNHCONH_2$ |
| 9. | अम्ल की उपस्थिति में एल्कोहल $(C_2H_5OH)$ के साथ | एथिलल बनता है $H_2C=O+2C_2H_5OH \xrightarrow{HCl}$ $CH_2\begin{matrix} OC_2H_5 \\ OC_2H_5 \end{matrix}$ | एसीटेल्डिहाइड डाईएथिल एसीटल बनता है $CH_3CHO+2C_2H_5OH \xrightarrow{HCl}$ $CH_3CH\begin{matrix} OC_2H_5 \\ OC_2H_5 \end{matrix}$ |
| 10. | अम्ल की उपस्थिति में थायोएल्कोहल $(C_2H_5SH)$ के साथ | थायोएथिलल बनता है। $H_2C=O+2C_2H_5SH \longrightarrow$ $CH_2\begin{matrix} SC_2H_5 \\ SC_2H_5 \end{matrix}$ | एसीटेल्डिहाइड डाईएथिल थायोएसीटल बनता है $CH_3CH=O+2C_2H_5SH \longrightarrow$ $CH_3CH\begin{matrix} SC_2H_5 \\ SC_2H_5 \end{matrix}$ |
| 11. | अम्लीकृत $K_2Cr_2O_7$ के साथ ऑक्सीकरण | फॉर्मिक अम्ल बनता है। $HCHO+O \longrightarrow HCOOH$ | एसीटिक अम्ल बनता है। $CH_3CHO+O \longrightarrow CH_3COOH$ |
| 12. | शिफ अभिकर्मक के साथ | शिफ अभिकर्मक का गुलाबी रंग पुनः संचित होता है। | शिफ अभिकर्मक का गुलाबी रंग पुनः संचित होता है। |
| 13. | टॉलेन अभिकर्मक के साथ | $Ag$ अथवा रजतदर्पण का काला अवक्षेप देता हैं। $Ag_2O+HCHO \longrightarrow 2Ag+HCOOH$ | $Ag$ अथवा रजतदर्पण का काला अवक्षेप देता है। $Ag_2O+CH_3CHO \longrightarrow$ $2Ag+CH_3COOH$ |
| 14. | फेहलिंग विलयन अथवा बेनडिक्ट विलयन के साथ | क्यूप्रस ऑक्साइड का लाल अवक्षेप देता है। $2CuO+HCHO \longrightarrow Cu_2O+HCOOH$ | क्यूप्रस ऑक्साइड का लाल अवक्षेप देता है। $2CuO+CH_3CHO \longrightarrow$ $Cu_2O+CH_3COOH$ |
| 15. | बहुलीकरण | बहुलीकरण अभिक्रिया करते हैं। $nHCHO \underset{}{\overset{\text{वाष्पन}}{\rightleftharpoons}} (HCHO)_n$ पैराफॉर्मेल्डिहाइड $3HCHO \underset{\text{गर्म}}{\overset{\text{कमरे का ताप}}{\rightleftharpoons}} (HCHO)_3$ मैटाफॉर्मेल्डिहाइड | बहुलीकरण अभिक्रिया करते हैं। $3CH_3CHO \underset{\text{तनु } H_2SO_4 \text{ आसवन}}{\overset{H_2SO_4\text{ सान्द्र}}{\rightleftharpoons}}$ $(CH_3CHO)_3$ पैराल्डिहाइड $\underset{\text{तनु } H_2SO_4 \text{ आसवन}}{\overset{H_2SO_4\text{ सान्द्र}}{\rightleftharpoons}}$ $4CH_3CHO$ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | $(CH_3CHO)_4$ मेटाएल्डिहाइड |
| **विभिन्नता** | | | |
| 16. | $PCl_5$ के साथ | कोई अभिक्रिया नहीं | एथिलीडीन क्लोराइड बनाते हैं। $CH_3CHO + PCl_5 \longrightarrow CH_3CH\begin{smallmatrix}Cl\\Cl\end{smallmatrix} + POCl_3$ |
| 17. | क्लोरीन के साथ | कोई अभिक्रिया नहीं | क्लोरल बनाते हैं। $CH_3CHO + 3Cl_2 \longrightarrow CCl_3CHO + 3HCl$ |
| 18. | $SeO_2$ के साथ | कोई अभिक्रिया नहीं | ग्लाइऑक्सल बनाते हैं। $CH_3CHO + SeO_2 \longrightarrow CHO.CHO + Se + H_2O$ |
| 19. | आयोडोफॉर्म अभिक्रिया ($I_2$+$NaOH$) | कोई अभिक्रिया नहीं | आयोडोफॉर्म बनाते हैं। $CH_3CHO + 3I_2 + 4NaOH \longrightarrow CHI_3 + HCOONa + 3NaI + 3H_2O$ |
| 20. | तनु क्षार के साथ (एल्डोल संघनन) | कोई अभिक्रिया नहीं | एल्डोल बनाते हैं। $CH_3CHO + HCH_2CHO \longrightarrow CH_3CH(OH)CH_2CHO$ |
| 21. | सान्द्र $NaOH$ के साथ (कैनीजारो अभिक्रिया) | सोडियम फॉर्मेट एवं मेथिल एल्कोहल बनाते हैं। $2HCHO + NaOH \longrightarrow HCOONa + CH_3OH$ | भूरा रेजिन जैसा पदार्थ बनाते हैं। |
| 22. | अमोनिया के साथ | हैक्सामेथिलीन टेट्रा एमीन (यूरोट्रॉपीन) बनाते हैं $6HCHO + 4NH_3 \longrightarrow (CH_2)_6N_4 + 6H_2O$ | योग उत्पाद, एसीटेल्डिहाइड अमोनिया बनाते हैं। $CH_3CHO + NH_3 \longrightarrow CH_3CH\begin{smallmatrix}OH\\NH_2\end{smallmatrix}$ |
| 23. | फिनॉल के साथ | बैकेलाइट प्लास्टिक बनाते हैं। | कोई अभिक्रिया नहीं |
| 24. | यूरिया के साथ | यूरिया-फार्मेल्डिहाइड प्लास्टिक बनाते हैं। | कोई अभिक्रिया नहीं |
| 25. | $Ca(OH)_2$ की उपस्थिति में संघनन | फॉर्मोस बनाते हैं (शर्करा का मिश्रण) | कोई अभिक्रिया नहीं |

**फॉर्मेल्डिहाइड एवं एसीटेल्डिहाइड का अन्तर परिवर्तन**

(1) **श्रेणी का आरोहण** (Ascent of series) **:** फॉर्मेल्डिहाइड का एसीटेल्डिहाइड में परिवर्तन

(i) $\underset{\text{फॉर्मेल्डिहाइड}}{HCHO} \xrightarrow{H_2/Ni} \underset{\text{मेथिल एल्कोहल}}{CH_3OH} \xrightarrow{PCl_5} \underset{\text{मेथिल क्लोराइड}}{CH_3Cl} \xrightarrow[KCN]{\text{एल्को}}$

$\underset{\text{मेथिल सायनाइड}}{CH_3CN} \xrightarrow{Na/\text{एल्कोहल}} \underset{\text{एथिल एमीन}}{CH_3CH_2NH_2} \xrightarrow[HCl]{NaNO_2}$

$\underset{\text{एथिल एल्कोहल}}{CH_3CH_2OH} \xrightarrow[K_2Cr_2O_7]{H_2SO_4(\text{तनु})} \underset{\text{एसीटेल्डिहाइड}}{CH_3CHO}$

(ii) $\underset{\text{फॉर्मेल्डिहाइड}}{HCHO} \xrightarrow[\text{ईथर}]{CH_3MgI} CH_3CH_2OMgI \xrightarrow{H_3O^+}$

$\underset{\text{एथिल एल्कोहल}}{CH_3CH_2OH} \xrightarrow[300°C]{Cu} \underset{\text{एसीटेल्डिहाइड}}{CH_3CHO}$

(iii) $\underset{\text{फॉर्मेल्डिहाइड}}{HCHO} \xrightarrow[H_2SO_4]{K_2Cr_2O_7} \underset{\text{फॉर्मिक अम्ल}}{HCOOH} \xrightarrow{Ca(OH)_2}$

$\underset{\text{कैल्शियम फॉर्मेट}}{(HCOO)_2Ca} \xrightarrow[\text{गर्म}]{(CH_3COO)_2Ca} \underset{\text{एसीटेल्डिहाइड}}{CH_3CHO}$

(2) **श्रेणी का अवरोहण** (Descent of series) **:** एसीटेल्डिहाइड का फॉर्मेल्डिहाइड में परिवर्तन

(i) $\underset{\text{एसीटेल्डिहाइड}}{CH_3CHO} \xrightarrow[H_2SO_4]{K_2Cr_2O_7} \underset{\text{एसीटिक अम्ल}}{CH_3COOH} \xrightarrow{NH_3}$

$\underset{\text{अमोनियम एसीटेट}}{CH_3COONH_4} \xrightarrow{\text{गर्म}} \underset{\text{एसीटामाइड}}{CH_3CONH_2} \xrightarrow{Br_2 / KOH}$

$\underset{\text{मेथिल एमीन}}{CH_3NH_2} \xrightarrow[HCl]{NaNO_2} CH_3OH \xrightarrow[300°C]{Cu} \underset{\text{फॉर्मेल्डिहाइड}}{HCHO}$

(ii) $\underset{\text{एसीटेल्डिहाइड}}{CH_3CHO} \xrightarrow[H_2SO_4]{K_2Cr_2O_7} \underset{\text{एसीटिक अम्ल}}{CH_3COOH} \xrightarrow{NaOH} \underset{\text{सोडियम एसीटेट}}{CH_3COONa}$

$\xrightarrow[\text{गर्म}]{\text{सोडा लाइम}} \underset{\text{मेथेन}}{CH_4} \xrightarrow[hv]{Cl_2} CH_3Cl \xrightarrow{AgOH}$

$CH_3OH \xrightarrow[300°C]{Cu} \underset{\text{फॉर्मेल्डिहाइड}}{HCHO}$

## एसीटोन ($CH_3COCH_3$)

यह सममित (साधारण) कीटोन है एवं कीटोन की सजात श्रेणी का प्रथम सदस्य है। क्षीण मात्रा में यह, रक्त एवं मूत्र में उपस्थित रहता है।

(1) **बनाने की विधियाँ :**

(i) $\underset{\text{कैल्शियम एसीटेट}}{(CH_3COO)_2Ca} \xrightarrow{\Delta}$

(ii) $\underset{\text{आइसोप्रोपिल एल्कोहल}}{2CH_3CHOHCH_3} + O_2 \xrightarrow{500°C}$

(iii) $\underset{\text{2 प्रोपेनॉल}}{CH_3CHOHCH_3} \xrightarrow[300°C]{Cu}$

(iv) (a) $\underset{\text{प्रोपीन}}{CH_3CH = CH_2} + PdCl_2 + H_2O \rightarrow$

(b) $\underset{\text{प्रोपीन}}{CH_3CH = CH_2} + H_2SO_4 \rightarrow CH_3CH(HSO_4)CH_3 \xrightarrow{H_2O} \underset{\text{आइसोप्रोपिल एल्कोहल}}{CH_3CH(OH)CH_3} \xrightarrow[300°C]{Cu}$

(v) $2C_3H_5OH + H_3O \xrightarrow[500°C]{Zn(CrO_2)}$

(vi) $2CH \equiv CH + 3H_2O \xrightarrow[420°C]{\text{उत्प्रेरक}}$

$\rightarrow CH_3COCH_3$ (उपरोक्त सभी अभिक्रियाओं से)

(vii) ***पायरोलिग्नियस अम्ल से* :** पायरोलिग्नियस अम्ल में एसीटिक अम्ल, एसीटोन एवं मेथिल एल्कोहल होते हैं, इसे ताँबे की नलिका में आसवित करते हैं एव वाष्पों को गर्म चूने के पानी से प्रवाहित करते हैं। एसीटिक अम्ल संयुग्मित होकर अवाष्पशील कैल्शियम एसीटेट बनाता है। मेथेनॉल एवं एसीटोन की अनअवशोषित वाष्पें संघनित होती हैं एवं प्रभाजी आसवन द्वारा आसवित होती हैं। एसीटोन $56^oC$ पर आसवित होता है।

इस तरह प्राप्त एसीटोन को सोडियम बाइसल्फाइट की मदद से शोधित करते हैं।

(2) **भौतिक गुण :** (i) यह एक रंगहीन द्रव है जिसकी लाक्षणिक मधुर गंध होती है।

(ii) यह ज्वलनशील द्रव है। यह $56^oC$ पर उबलता है।

(iii) यह जल, एल्कोहल एवं ईथर के साथ अत्यधिक मिश्रणीय है।

(3) **रासायनिक गुण**

$CH_3COCH_3$ (एसीटोन) —

- अपचयन $H_2, Ni, Pd$ या $LiAlH_4$ → $CH_3CHOHCH_3$ (आइसोप्रोपिल एल्कोहल)
- अमलगमित $Zn$ + सान्द्र $HCl$ → $CH_3CH_2CH_3$ (प्रोपेन)
- $NaHSO_3$ → $(CH_3)_2C(OH)SO_3Na$ (एसीटोन सोडियम बाई सल्फाइट व्युत्पन्न)
- $HCN$ → $(CH_3)_2C<^{OH}_{CN}$ (एसीटोन साइनोहाइड्रिन)
- $CH_3MgI$ / ईथर → $(CH_3)_3COH$ (तृतीयक ब्यूटिल एल्कोहल)
- $NH_2OH$ → $(CH_3)_2C = NOH$ (एसीटॉक्सिम)
- $NH_2NH_2$ → $(CH_3)_2C = NNH_2$ (एसीटोन हाइड्राजोन)
- $C_6H_5NHNH_2$ → $(CH_3)_2C = NNHC_6H_5$ (एसीटोन फेनिल हाइड्राजोन)
- $H_2NNHCONH_2$ → $(CH_3)_2C = NNHCONH_2$ (एसीटोनसेमीकार्बाजोन)
- $PCl_5$ → $(CH_3)_2C<^{Cl}_{Cl}$ (आइसोप्रोपिलिडीन क्लोराइड)
- $Cl_2$ → $CH_3COCCl_3$ (ट्राईक्लोरो एसीटोन)
- $I_2 + NaOH$ → $CHI_3$ (आयोडोफॉर्म)
- सान्द्र $H_2SO_4$ →




मेसीटिलीन (1, 3, 5-ट्राईमेथिल बेन्जीन)

- $CaOCl_2$ (विरंजक चूर्ण) / गर्म → $CHCl_3$ (क्लोरोफॉर्म)
- $K_2Cr_2O_7 + H_2SO_4$ → $CH_3COOH + CO_2 + H_2O$
- $CHCl_3$ → $(CH_3)_2C(OH)CCl_3$ (क्लोरीटोन)
- $Ba(OH)_2$ → $(CH_3)_2C(OH)CH_2COCH_3$ (डाईएसीटोन एल्कोहल)
- $HNO_2$ → $CH_3COCH = NOH$ (ऑक्सिमिनो एसीटोन)
- $NH_3$ → $(CH_3)_2C(NH_2)CH_2COCH_3$ (डाईएसीटोन एमीन)
- $Mg–Hg + H_2O$ → $(CH_3)_2\underset{|}{\overset{OH}{C}} — \underset{|}{\overset{OH}{C}}(CH_3)_2$ (पिनाकॉल)
- शिफ अभिकर्मक → कोई अभिक्रिया नहीं
- टॉलेन अभिकर्मक → कोई अभिक्रिया नहीं
- फेहलिंग विलयन → कोई अभिक्रिया नहीं

कीटल संघनन में यदि एसीटोन अधिकता में हो अथवा उत्प्रेरक ($ZnCl_2$ / शुष्क *HCl*) प्रयुक्त हुआ हो, तब एसीटोन के तीन अणु संघनन बहुलीकरण करते हैं एवं एक यौगिक बनाते हैं जिसे **फोरोन** कहते हैं।



एसीटोन (3 अणु) फोरॉन

फोरोन का अणुभार = एसीटोन के तीन मोल – $H_2O$ के 2 मोल

**रिफोर्मेट्स्की अभिक्रिया :** इस अभिक्रिया में एल्डिहाइड एवं कीटोन धात्विक जिंक की उपस्थिति में ब्रोमोअम्ल एस्टर के साथ अभिकृत होकर $\beta$-हाइड्रॉक्सी एस्टर बनाते हैं, जो आसानी से $\alpha, \beta$-असंतृप्त एस्टर में निर्जलीकृत होता है।

(a) $BrCH_2COOC_2H_5 + Zn \xrightarrow{\text{बेन्जीन}} Br - \overset{\oplus}{Zn} - \overset{\ominus}{C}H_2COOC_2H_5$ कार्बनिक जिंक यौगिक

(b) कार्बोनिल समूह का योग

$$(CH_3)_2C = O + \overset{Zn^+Br}{\underset{\ominus}{C}H_2}COOC_2H_5 \longrightarrow CH_3 - \overset{CH_3}{\underset{\overset{\ominus}{O}Zn^{\oplus}Br}{C}} - CH_2CH_2COOC_2H_5$$

$$\xrightarrow[\left[Zn\langle^{Br}_{OH}\right]]{HOH / H^+} CH_3 - \overset{CH_3}{\underset{OH}{C}} - \underset{COOC_2H_5}{CH_2}$$

$\beta$-हाइड्रॉक्सी एस्टर

$$\longrightarrow CH_3 - \overset{CH_3}{C} = CH - COOC_2H_5$$

(4) **उपयोग**

(i) सेल्युलोज एसीटेट, सेल्युलोज नाइट्रेट, सेल्यूलॉइड, वार्निश, रेजिन के लिये विलायक की तरह प्रयुक्त होता है।

(ii) एसीटिलीन को संग्रहित करने में।

(iii) कॉर्डाइट के निर्माण में- धुआं रहित विस्फोटक चूर्ण

(iv) क्लोरोफॉर्म, आयोडोफॉर्म, सल्फोनल एवं क्लोरीटोन के निर्माण में।

(v) नेल पॉलिश रिमूवर के रूप में।

(vi) कृत्रिम सुगन्ध (आयोनोन), प्लेक्सीग्लास (ना टूटने वाला काँच) एवं संश्लेषित रबर के निर्माण में।

(5) **परीक्षण**

(i) ***लीगल परीक्षण* :** जब ताजा बने सोडियम नाइट्रोप्रुसाइड एवं सोडियम हाइड्रॉक्साइड विलयन की कुछ बूँदें जलीय एसीटोन विलयन में मिलाई जाती हैं, तो शराब का लाल रंग प्राप्त होता है जो रखा रहने पर पीले रंग में बदल जाता है।

(ii) ***इण्डिगो परीक्षण* :** जब ऑर्थोनाइट्रोबेन्जल्डिहाइड की कुछ मात्रा लगभग 2 *ml* एसीटोन के साथ मिलाई जाती है और विलयन को *KOH* से तनु किया जाता है और हिलाया जाता है तो इण्डिगोटिन का नीला रंग उत्पन्न होता है।

(iii) ***आयोडोफॉर्म परीक्षण* :** एसीटोन आयोडीन एवं सोडियम हाइड्रॉक्साइड अथवा आयोडीन एवं अमोनियम हाइड्रॉक्साइड के साथ आयोडोफॉर्म परीक्षण देता है।

**सारणी : 27.3 एसीटेल्डिहाइड एवं एसीटोन में तुलना**

| अभिक्रिया | एसीटेल्डिहाइड | एसीटोन |
|---|---|---|
| *समानता* | | |
| 1. $H_2$ एवं *Ni* अथवा $LiAlH_4$ के साथ अपचयन | एथिल एल्कोहल बनाता है। (प्राथमिक एल्कोहल) $CH_3CHO + H_2 \xrightarrow{Ni} CH_3CH_2OH$ | आइसोप्रोपिल एल्कोहल बनाता है। (द्वितीयक एल्कोहल) $CH_3COCH_3 + H_2 \longrightarrow CH_3CHOHCH_3$ |
| 2. क्लेमेन्सन अपचयन (*Zn/Hg* एवं सान्द्र *HCl*) | एथेन बनाता है। (एक एल्केन) $CH_3CHO + 4H \longrightarrow CH_3CH_3 + H_2O$ | प्रोपेन बनाता है। (एक एल्केन) $CH_3COCH_3 + 4H \longrightarrow CH_3CH_2CH_3 + H_2O$ |
| 3. *HCN* का योग | एसीटेल्डिहाइड साइनोहाइड्रिन बनाता है $CH_3CHO + HCN \longrightarrow CH_3CH\langle^{OH}_{CN}$ | एसीटोन साइनोहाइड्रिन बनाता है। $(CH_3)_2CO + HCN \longrightarrow (CH_3)_2C\langle^{OH}_{CN}$ |
| 4. $NaHSO_3$ का योग | सफेद क्रिस्टलीय व्युत्पन्न बनाता है। $CH_3CHO + NaHSO_3 \longrightarrow CH_3CH\langle^{OH}_{SO_3Na}$ | सफेद क्रिस्टलीय व्युत्पन्न बनाता है। $(CH_3)_2CO + NaHSO_3 \longrightarrow (CH_3)_2C\langle^{OH}_{SO_3Na}$ |
| 5. ग्रिगनार्ड अभिकर्मक के साथ क्रिया तत्पश्चात् जलअपघटन | आइसोप्रोपिल एल्कोहल बनाता है। (2° एल्कोहल) $CH_3CHO + CH_3MgI \longrightarrow (CH_3)_2CH - OMgI \xrightarrow{H_2O} CH_3CHOHCH_3$ | तृतीयक ब्यूटिल एल्कोहल बनाता है। (3° एल्कोहल) $(CH_3)_2CO + CH_3MgI \longrightarrow (CH_3)_3COMgI \xrightarrow{H_2O} (CH_3)_3COH$ |
| 6. हाइड्रॉक्सिल एमीन ($NH_2OH$) के साथ | एसीटल्डॉक्सिम बनाता है। (एक ऑक्जिम) $CH_3CHO + H_2NOH \longrightarrow CH_3CH = NOH$ | एसीटॉक्सिम बनाता है। (एक ऑक्जिम) $(CH_3)_2CO + H_2NOH \longrightarrow (CH_3)_2C = NOH$ |
| 7.हाइड्राजीन ($NH_2NH_2$) के साथ | एसीटेल्डिहाइड हाइड्राजोन बनाता है। $CH_3CHO + H_2NNH_2 \longrightarrow CH_3CH = NNH_2$ | एसीटोन हाइड्राजोन बनाता है। $(CH_3)_2CO + H_2NNH_2 \longrightarrow (CH_3)_2C = NNH_2$ |
| 8. फेनिल हाइड्राजीन | एसीटेल्डिहाइड फेनिल हाइड्राजोन बनाता है। | एसीटोन फेनिल हाइड्राजोन बनाता है। |

| | | |
|---|---|---|
| ($C_6H_5NHNH_2$) के साथ | $CH_3CHO + H_2NNHC_6H_5 \longrightarrow CH_3CH = NNHC_6H_5$ | $(CH_3)_2CO + H_2NNHC_6H_5 \longrightarrow (CH_3)_2C = NNHC_6H_5$ |
| 9. सेमीकार्बेजॉइड ($H_2NNHCONH_2$) के साथ | एसीटेल्डिहाइड सेमीकार्बेजोन बनाता है। $CH_3CHO + H_2NNHCONH_2 \longrightarrow CH_3CH = NNHCONH_2$ | एसीटोन सेमीकार्बेजोन बनाता है। $(CH_3)_2CO + H_2NNHCONH_2 \longrightarrow (CH_3)_2C = NNHCONH_2$ |
| 10. $PCl_5$ के साथ | एथिलीडीन क्लोराइड बनाता है। (जैम डाईहैलाइड) $CH_3CHO + PCl_5 \longrightarrow CH_3CH\left\langle\begin{matrix}Cl\\Cl\end{matrix}\right.$ | आइसोप्रोपिलीडीन क्लोराइड बनाता है। (जैम डाईहैलाइड) $(CH_3)_2CO + PCl_5 \longrightarrow (CH_3)_2C\left\langle\begin{matrix}Cl\\Cl\end{matrix}\right.$ |
| 11.क्लोरीन के साथ | क्लोरल बनाता है। (जैम ट्राइहैलाइड) $CH_3CHO + Cl_2 \longrightarrow CCl_3CHO$ | ट्राईक्लोरो एसीटोन बनाता है। (जैम ट्राइहैलाइड) $CH_3COCH_3 + Cl_2 \longrightarrow CCl_3COCH_3$ |
| 12. एल्कोहल के साथ | एसीटल बनाता है। (एक डाईईथर) $CH_3CHO + 2C_2H_5OH \longrightarrow CH_3CH\left\langle\begin{matrix}OC_2H_5\\OC_2H_5\end{matrix}\right.$ | कीटल बनाता है। (एक डाईईथर) $(CH_3)_2CO + 2C_2H_5OH \longrightarrow (CH_3)_2C\left\langle\begin{matrix}OC_2H_5\\OC_2H_5\end{matrix}\right.$ |
| 13. $SeO_2$ के साथ | ग्लाइऑक्सल बनाता है। $CH_3CHO + SeO_2 \longrightarrow CHOCHO + Se + H_2O$ | मेथिल ग्लाइऑक्सल बनाता है। $(CH_3)_2CO + SeO_2 \longrightarrow CH_3COCHO + Se + H_2O$ |
| 14. आयोडोफॉर्म अभिक्रिया ($I_2 + NaOH$) | आयोडोफॉर्म बनाता है। | आयोडोफॉर्म बनाता है। |
| 15. विरंजक चूर्ण के साथ | क्लोरोफॉर्म बनाता है। | क्लोरोफॉर्म बनाता है। |
| 16. दुर्बल क्षार के साथ एल्डोल संघनन | एल्डोल बनाता है। $2CH_3CHO \longrightarrow CH_3CHOHCH_2CHO$ | डाईएसीटोन एल्कोहल बनाता है। (एक एल्डोल) $2CH_3COCH_3 \longrightarrow (CH_3)_2C(OH)CH_2COCH_3$ |
| 17. बहुलीकरण | बहुलीकरण करते हैं। | बहुलीकरण नहीं करते किन्तु संघनन अभिक्रिया करते हैं |
| 18. $NH_3$ के साथ | एसीटेल्डिहाइड अमोनिया बनाते हैं। $CH_3CHO + NH_3 \longrightarrow CH_3CH\left\langle\begin{matrix}OH\\NH_2\end{matrix}\right.$ | डाईएसीटोन एमीन बनाते हैं। $(CH_3)_2CO + NH_3 + OC(CH_3)_2 \longrightarrow (CH_3)_2C(NH_2)CH_2COCH_3$ |
| 19. सान्द्र $NaOH$` के साथ | भूरा रेजिन युक्त द्रव्य बनाते हैं। | कोई अभिक्रिया नहीं। |
| 20. $HNO_2$ के साथ | कोई अभिक्रिया नहीं | आक्सिमिनो एसीटोन बनाता है। $CH_3COCH_3 + HNO_2 \longrightarrow CH_3COCH = NOH$ |
| 21. क्लोरोफॉर्म के साथ | कोई अभिक्रिया नहीं | क्लोरीटोन बनाते हैं। $(CH_3)_2CO + CHCl_3 \longrightarrow (CH_3)_2C\left\langle\begin{matrix}OH\\CCl_3\end{matrix}\right.$ |
| 22. क्षारीय सोडियम नाइट्रोप्रुसाइड के साथ | गहरा लाल रंग देता है। | लाल रंग देता है जो रखा रहने पर पीला हो जाता है। |
| 23. सोडियम नाइट्रोप्रुसाइड एवं पिरिडीन के साथ | नीला रंग आता है | कोई प्रभाव नहीं |
| 24. क्वथनांक | $21^oC$ | $56^oC$ |
| **असमानताएँ** | | |
| 1. शिफ अभिकर्मक के साथ | गुलाबी रंग आता है। | गुलाबी रंग नहीं देता |
| 2. फेहलिंग विलयन के साथ | लाल रंग देता है। | कोई अभिक्रिया नहीं |
| 3. टॉलेन अभिकर्मक के साथ | रजत दर्पण देता है। | कोई अभिक्रिया नहीं |
| 4.अम्लीकृत $K_2Cr_2O_7$ के साथ ऑक्सीकरण | एसीटिक अम्ल में आसानी से ऑक्सीकृत होता है। $CH_3CHO + O \longrightarrow CH_3COOH$ | कठिनाई से ऑक्सीकरण होता है तथा एसीटिक अम्ल बनाता है। $CH_3COCH_3 + O \longrightarrow CH_3COOH + CO_2 + H_2O$ |

## एरोमैटिक कार्बोनिल यौगिक
### (Aromatic carbonyl compounds)

एरोमैटिक एल्डिहाइड दो प्रकार के होते हैं :

यौगिक जिनमें $-CHO$ समूह सीधे ही एरोमैटिक वलय से लगा रहता है, उदाहरण बेन्जल्डिहाइड, $C_6H_5CHO$

यौगिक जिनमें एल्डिहाइड $(-CHO)$ समूह पार्श्व श्रृंखला से लगा रहता है, उदाहरण फेनिल एसीटेल्डिहाइड, $C_6H_5CH_2CHO$ । ये एलिफैटिक एल्डिहाइड से काफी समानता रखते हैं।

एरोमैटिक कीटोन वे यौगिक हैं जिनमें कार्बोनिल समूह $(>C=O)$ या तो दो एरिल समूह या एक एरिल एवं एक एल्किल समूह से जुड़ा रहता है। उदाहरण है।




बेंजल्डिहाइड एसीटोफिनोन (मेथिल फेनिल कीटोन) बेंजोफिनोन (डाईफेनिल कीटोन) सैलिसिल्डिहाइड

## बेन्जल्डिहाइड, $C_6H_5CHO$ ;k




बेन्जल्डिहाइड सरलतम एरोमैटिक एल्डिहाइड है। यह कड़वे बादाम में इसके ग्लूकोसाइड के रूप में पाया जाता है। यह ग्लूकोसाइड, **एमाइग्डेलिन** $(C_{20}H_{27}O_{11}N)$ है। जब एमाइग्डेलिन को तनु अम्ल के साथ उबालते हैं, तो यह बेन्जल्डिहाइड, ग्लूकोज एवं $HCN$ में जल अपघटित हो जाता है।

$$\underset{\text{एमाइग्डेलिन}}{C_6H_5\overset{CN}{\overset{|}{C}}HOC_{12}H_{21}O_{10}} + 2H_2O \longrightarrow \underset{\text{बेंजल्डिहाइड}}{C_6H_5CHO} + \underset{\text{ग्लूकोज}}{2C_6H_{12}O_6} + HCN$$

बेन्जल्डिहाइड को *कड़वे बादाम का तेल* भी कहते हैं।

(i) **बनाने की विधियाँ**

(i) ***प्रयोगशाला विधि :*** इसे बेन्जिल क्लोराइड को कॉपर नाइट्रेट अथवा लैड नाइट्रेट विलयन के साथ कार्बन डाईऑक्साइड की धारा में उबालकर सुगमतापूर्वक बनाते हैं।

$$\underset{\text{बेन्जिल क्लोराइड}}{2C_6H_5CH_2Cl} + \underset{\substack{\text{या} \\ Pb(NO_3)_2}}{Cu(NO_3)_2} \xrightarrow[CO_2]{\text{गर्म}} \underset{\text{बेन्जल्डिहाइड}}{2C_6H_5CHO} + CuCl_2 + 2HNO_2$$

$$[2HNO_2 \longrightarrow NO + NO_2 + H_2O]$$

(ii) ***रोजनमुण्ड अभिक्रिया***:

$$\underset{\text{बेन्जिल क्लोराइड}}{C_6H_5COCl} + H_2 \xrightarrow[\text{जाइलीन}]{Pd\,/\,BaSO_4} \underset{\text{बेन्जल्डिहाइड}}{C_6H_5CHO} + HCl$$

(iii) ***कैल्शियम एसीटेट एवं कैल्शियम फॉर्मेट के मिश्रण का शुष्क आसवन करने पर***




(iv) ***बेन्जिल एल्कोहल के ऑक्सीकरण द्वारा :*** इसमें बेन्जिल एल्कोहल को $350^oC$ पर कॉपर उत्प्रेरक के साथ या एसीटिक एनहाइड्राइड में तनु $HNO_3$ या अम्लीय पोटेशियम डाइक्रोमेट या क्रोमिक एनहाइड्राइड के साथ अभिकृत करते हैं।




इस विधि का उपयोग बेन्जल्डिहाइड के औद्योगिक निर्माण में होता है।

(v) ***बेन्जल क्लोराइड के जल अपघटन द्वारा***:




यह भी एक औद्योगिक विधि है।

(vi) ***टॉलुईन के ऑक्सीकरण द्वारा***




औद्योगिक रूप से टॉलुईन का ऑक्सीकरण वायु के साथ किया जाता है एवं नाइट्रोजन के साथ $500^oC$ पर $Mn, Mo$ या $Zr$ के ऑक्साइड की उपस्थिति में इसे तनु किया जाता है (पूर्ण ऑक्सीकरण रोकने के लिये) $Mn, Mo$ या $Zr$ के ऑक्साइड उत्प्रेरक की तरह कार्य करते हैं।

टॉलुईन का मैंग्नीज डाईऑक्साइड एवं तनु सल्फ्यूरिक अम्ल के साथ $35^oC$ पर आंशिक ऑक्सीकरण भी, बेन्जल्डिहाइड बनाता है।

$$\underset{\text{टॉलुईन}}{C_6H_5CH_3} \xrightarrow[(CH_3CO)_2O]{CrO_3} \underset{\text{बेन्जाइलीडिन एसीटेट}}{C_6H_5CH(OCOCH_3)_2} \xrightarrow{H^+/H_2O} C_6H_5CHO + 2CH_3COOH$$

(vii) ***इटार्ड अभिक्रिया***: $C_6H_5CH_3 + 2CrO_2Cl_2 \longrightarrow$

$$\underset{\text{भूरे रंग का योगात्मक उत्पाद}}{C_6H_5CH_3\,2CrO_2Cl_2} \xrightarrow{H_2O} \underset{\text{बेन्जल्डिहाइड}}{C_6H_5CHO}$$

(viii) ***गाटरमैन कोच एल्डिहाइड संश्लेषण :*** जब निर्जलीय एल्यूमीनियम क्लोराइड एवं क्यूप्रस ऑक्साइड की उपस्थिति में कार्बनमोनो ऑक्साइड एवं $HCl$ गैस के मिश्रण को उच्च दाब पर बेन्जीन के ईथरीय विलयन में से प्रवाहित करते हैं तब बेन्जीन, बेन्जल्डिहाइड में बदल जाता है।




(ix) ***गाटरमैन एल्डिहाइड संश्लेषण***

$$HC \equiv N + HCl + AlCl_3 \longrightarrow H\overset{\oplus}{C} = NH + AlCl_4^- ;$$

$$\underset{\text{बेन्जीन}}{C_6H_5H} + H\overset{+}{C} = NH \longrightarrow C_6H_5CH = \overset{+}{N}H_2$$

$$C_6H_5CH = \overset{+}{N}H_2 + H_2O + AlCl_4^- \longrightarrow C_6H_5CHO + NH_3 + AlCl_3 + HCl$$

इस प्रकार,




(x) ***स्टीफन अभिक्रिया :*** जब फेनिल साइनाइड का स्टेनस क्लोराइड एवं $HCl$ प्रवाह के साथ ईथर विलयन में आंशिक अपचयन करते हैं एवं इसके पश्चात बने उत्पाद एल्डिमीन स्टेनिक क्लोराइड का जल के साथ जलअपघटन करते हैं, तो बेन्जल्डिहाइड प्राप्त होता है।

$$\underset{\text{फेनिल सायनाइड}}{C_6H_5C \equiv N} \xrightarrow[\text{ईथर}]{HCl / SnCl_2} \underset{\text{एमीनो संकुल}}{[C_6H_5CH = NH]_2 H_2SnCl_6}$$

$$\xrightarrow{H_2O} 2C_6H_5CHO$$

(xi) ***स्टाईरीन के ओजोनीकरण द्वारा***




(xii) ***ग्रिगनार्ड अभिकर्मक द्वारा***

$$\underset{\text{एथिल फॉर्मेट}}{H\overset{O}{\overset{\|}{C}}OC_2H_5} + BrMgC_6H_5 \longrightarrow \underset{\text{बेन्जल्डिहाइड}}{C_6H_5\overset{O}{\overset{\|}{C}} - H} + Mg\begin{matrix} Br \\ OC_2H_5 \end{matrix}$$

अन्य अभिकर्मक जैसे कार्बन मोनोऑक्साइड अथवा $HCN$ भी प्रयुक्त किये जा सकते हैं।

(xiii) ***डाईएजोनियम लवण से***




(2) **भौतिक गुण**

(i) बेन्जल्डिहाइड रंगहीन तैलीय द्रव है। इसका क्वथनांक $179^oC$ है।

(ii) इसमें कड़वे बादाम की गंध आती है।

(iii) यह जल में अल्पविलेय है किन्तु कार्बनिक विलायकों में शीघ्रता से घुलता है।

(iv) यह भाप वाष्पशील है।

(v) यह जल से भारी है (विशिष्ट घनत्व $15^oC$ पर 1.0504.)

(vi) इसकी विषैली प्रकृति होती है।

(3) **रासायनिक गुण**

(i) ***योगात्मक अभिक्रिया :*** कार्बोनिल समूह ध्रुवीय होता है क्योंकि ऑक्सीजन कार्बन की तुलना में अधिक ऋणविद्युती है।

$$\rangle \overset{\delta^+}{C} = \overset{\delta^-}{O}$$

इस तरह, ध्रुवीय अभिकर्मक का धनात्मक भाग हमेशा कार्बोनिल ऑक्सीजन पर जाता है एवं ऋणात्मक भाग कार्बोनिल कार्बन पर जाता है।




किन्तु सोडियम अमलगम एवं जल के साथ अपचयन पर, यह हाइड्रोबेन्जोइन देता है।

$$C_6H_5CH = O + 2H + O = CHC_6H_5 \xrightarrow[H_2O]{Na-Hg} \underset{\text{हाइड्रोबेन्जोइन}}{C_6H_5\underset{OH}{\underset{|}{C}H} - \underset{OH}{\underset{|}{C}H} - C_6H_5}$$

(ii) ***अभिक्रियाएँ जिनमें कार्बोनिल ऑक्सीजन का प्रतिस्थापन होता है,***




(iii) ***ऑक्सीकरण :*** बेन्जल्डिहाइड को वायु में खुला छोड़ने पर यह सुगमता से बेन्जोइक अम्ल में ऑक्सीकृत हो जाता है।

$$C_6H_5CHO \xrightarrow{[O]} C_6H_5COOH$$

अम्लीकृत $K_2Cr_2O_7$, क्षारीय $KMnO_4$ एवं तनु $HNO_3$ ऑक्सीकारक की तरह ऑक्सीकरण में प्रयुक्त किये जा सकते हैं।

(iv) ***अपचायक गुण :*** बेन्जल्डिहाइड एक दुर्बल अपचायक है। यह अमोनियामय सिल्वर नाइट्रेट (टॉलेन अभिकर्मक) को अपचयित करके रजत दर्पण देता है किन्तु फेहलिंग विलयन को अपचयित नहीं करता है।

$$\underset{\text{बेन्जल्डिहाइड}}{C_6H_5CHO} + Ag_2O \longrightarrow 2Ag + \underset{\text{बेन्जोइक अम्ल}}{C_6H_5COOH}$$

(v) ***क्लेमेन्सन अपचयन :*** $Zn$ – अमलगम $(Zn-Hg)$ एवं सान्द्र $HCl$ के साथ बेन्जल्डिहाइड अपचयित होकर टॉलुईन बनाता है।

$$C_6H_5CHO + 4H \xrightarrow[HCl]{Zn-Hg} C_6H_5CH_3 + H_2O$$

(vi) ***शिफ अभिकर्मक के साथ :*** यह शिफ अभिकर्मक का गुलाबी रंग पुनः संचित करता है।($p$-रोजाएनिलीन हाइड्रोक्लोराइड का जलीय विलयन जिसे सल्फर डाईऑक्साइड के प्रवाह से रंगहीन कर देते हैं)

(vii) ***शैन्को अभिक्रिया :*** एल्यूमीनियम एल्कॉक्साइड (एथॉक्साइड) एवं सूक्ष्म मात्रा में निर्जलीय $AlCl_3$ अथवा $ZnCl_2$ के साथ बेन्जल्डिहाइड को गर्म करने पर, बेन्जल्डिहाइड अन्तरणुक ऑक्सीकरण एवं अपचयन (एलिफैटिक एल्डिहाइड के समान) करता है और क्रमशः अम्ल तथा एल्कोहल बनाता है और ये दोनों उसी रूप में क्रिया कर बेन्जिल बेन्जोएट (एस्टर) बनाते हैं।

$$\underset{\text{बेन्जल्डिहाइड}}{2C_6H_5CHO} \xrightarrow{Al(OC_2H_5)_3} \underset{\text{बेन्जिल बेन्जोएट (एस्टर)}}{C_6H_5CH_2OOCC_6H_5}$$

(viii) ***अभिक्रियाएँ जिनमें बेन्जल्डिहाइड एलिफैटिक एल्डिहाइड से भिन्नता दर्शाता है,***

(a) *फेहलिंग विलयन के साथ क्रिया :* कोई अभिक्रिया नहीं।

(b) *क्लोरीन की क्रिया :* हैलोजन वाहक की अनुपस्थिति में जब क्लोरीन को बेन्जल्डिहाइड के ऊपर उसके क्वथनांक पर प्रवाहित किया जाता है तब बेन्जोइल क्लोराइड बनता है ऐसा इसलिये होता है क्योंकि बेन्जल्डिहाइड में कोई भी $\alpha$ हाइड्रोजन परमाणु उपस्थित नहीं होता जिसे क्लोरीन द्वारा प्रतिस्थापित किया जा सके।

$$C_6H_5CHO + Cl_2 \xrightarrow[\Delta]{170^oC} C_6H_5COCl + HCl$$

(c) *कैनीजारो अभिक्रिया :* $\underset{\text{बेन्जल्डिहाइड}}{2C_6H_5CHO} \xrightarrow{KOH}$

$$\underset{\text{बेन्जिल एल्कोहल}}{C_6H_5CH_2OH} + \underset{\text{पोटेशियम बेन्जोएट}}{C_6H_5COOK}$$

संभावित क्रियाविधि है

**प्रथम पद** कार्बोनिल समूह पर हाइड्रॉक्साइड आयन का उत्क्रमणीय योग है।

$$C_6H_5-\underset{H}{C}=O + OH^- \xrightleftharpoons{\text{(तीव्र)}} \underset{\text{ऋणायन (I)}}{C_6H_5-\overset{H}{\underset{OH}{C}}-O^-}$$

**द्वितीय पद** अन्य एल्डिहाइड अणु पर हाइड्राइड आयन का सीधा स्थानान्तरण है, इस तरह बाद वाला एल्डिहाइड अणु एल्कॉक्साइड आयन में अपचयित होता है एवं पहले वाला एल्डिहाइड अणु (आयन I) अम्ल में ऑक्सीकृत हो जाता है।

$$C_6H_5\overset{H}{C}=O + C_6H_5\overset{H}{\underset{OH}{C}}-O^- \xrightarrow[\text{आयन स्थानान्तरण (मंद)}]{\text{हाइड्राइड}} \underset{\text{एल्कॉक्साइड आयन}}{C_6H_5\overset{H}{\underset{H}{C}}-O^-} + \underset{\text{अम्ल}}{C_6H_5\underset{OH}{C}=O}$$

$$\downarrow +H^+ \text{ (}H\text{ विनिमय)} \qquad \downarrow -H$$

$$\underset{\text{बेन्जिल एल्कोहल}}{C_6H_5-\overset{H}{\underset{H}{C}}-OH} + \underset{\text{बेन्जोएट आयन}}{C_6H_5-\underset{O^-}{C}=O}$$

**तृतीय पद** प्रोटोन का विनिमय है जो सर्वाधिक स्थायी एल्कोहल एवं अम्ल एनायन का युग्म देता है।

इसलिये एल्डिहाइड का एक अणु हाइड्राइड दाता का कार्य करता है एवं दूसरा अणु हाइड्राइड ग्राही का कार्य करता है। दूसरे शब्दों में कैनीजारो अभिक्रिया स्वऑक्सीकरण एवं अपचयन का उदाहरण है।

❑ दो भिन्न एल्डिहाइड जिनमें से प्रत्येक में $\alpha$ हाइड्रोजन परमाणु अनुपस्थित हो, क्रॉस कैनीजारो अभिक्रिया प्रदर्शित करते हैं जबकि इन्हे क्षारीय विलयन में गर्म किया जाये।

$$\underset{\text{बेन्जल्डिहाइड}}{C_6H_5CHO} + \underset{\text{फॉर्मेल्डिहाइड}}{HCHO} \xrightarrow[\text{गर्म}]{NaOH} \underset{\text{बेन्जिल एल्कोहल}}{C_6H_5CH_2OH} + \underset{\text{सोडियम फॉर्मेट}}{HCOONa}$$

एल्डिहाइड जिनमें $\alpha$- हाइड्रोजन नहीं होता ($C_6H_5-CHO, CCl_3CHO, (CH_3)_3C-CHO, CH_2O$ आदि) कैनीजारो अभिक्रिया देते हैं।

**अन्तराणुक कैनीजारो अभिक्रिया**




(d) *बेन्जोइन संघनन*




बेन्जल्डिहाइड के दो अणु — बेन्जोइन (एक एल्कोहल) $\beta$–हाइड्रॉक्सी कीटोन

बेन्जोइन भी कई उत्पादों में अपचयित होता है। अर्थात्,

$$\underset{\text{बेन्जोइन}}{C_6H_5-\underset{H}{\overset{OH}{C}}-\overset{O}{C}-C_6H_5} \xrightarrow[Na\text{-}Hg/C_2H_5OH]{[H]} \underset{\text{हाइड्रोबेन्जोइन}}{C_6H_5-CHOH-CHOH-C_6H_5}$$

$$\xrightarrow[Zn\text{-}Hg/HCl]{[H]} C_6H_5-\overset{OH}{CH}-\overset{H}{CH}-C_6H_5 \xrightarrow{-H_2O} \underset{\text{स्टिलबीन}}{C_6H_5CH=CHC_6H_5}$$

$$\xrightarrow[H_2/\text{रैने } Ni]{H} \underset{\text{डाईबेन्जिल}}{C_6H_5-CH_2-CH_2-C_6H_5} + 2H_2O$$

बेन्जोइन सुगमता से डाईकीटोन जैसे बेन्जिल में ऑक्सीकृत होता है,

$$\underset{\text{बेन्जोइन}}{C_6H_5-\underset{OH}{CH}-\underset{O}{\overset{\|}{C}}-C_6H_5} + [O] \xrightarrow[\text{पिरिडीन } H_2O]{CuSO_4} \underset{\text{बेन्जिल}}{C_6H_5-\underset{O}{\overset{\|}{C}}-\underset{O}{\overset{\|}{C}}-C_6H_5}$$

(e) *पर्किन अभिक्रिया*

$$\underset{\text{बेन्जल्डिहाइड}}{C_6H_5CH\boxed{O+H_2}}\underset{\text{एसीटिक एनहाइड्राइड}}{CHCOOCOCH_3} \xrightarrow[-H_2O]{CH_3COONa}$$

$$C_6H_5CH=CHCOOCOCH_3$$

$$\xrightarrow{H_2O} \underset{\text{सिनेमिक अम्ल}}{C_6H_5CH=CHCOOH} + \underset{\text{एसीटिक अम्ल}}{CH_3COOH}$$

$$C_6H_5CH=O + \underset{\text{प्रोपेनोइक एनहाइड्राइड}}{\begin{matrix} CH_3 \\ | \\ H_2C-CO \\ \quad\quad > O \\ CH_3-CH_2CO \end{matrix}} \xrightarrow{CH_3CH_2COONa}$$

$$\underset{\alpha\text{-मेथिल सिनेमिक अम्ल}}{C_6H_5CH=\overset{CH_3}{C}-COOH} + CH_3CH_2COONa$$

(f) *क्लेजन श्मिट अभिक्रिया या क्रॉस एल्डोल संघनन*

$$\underset{\text{}}{C_6H_5CHO} + \underset{\text{प्रोपिओनल्डिहाइड}}{H_2\overset{CH_3}{\overset{|}{C}} - CHO} \xrightarrow[\text{(तनु)}]{NaOH}$$

$$\underset{\alpha\text{-मेथिल सिनेमिक एल्डिहाइड}}{C_6H_5CH = \overset{CH_3}{\overset{|}{C}} - CHO} + H_2O$$

$$C_6H_5CHO + \underset{\text{एसीटोन}}{H_2CHCOCH_3} \xrightarrow{NaOH\text{ (तनु)}}$$

$$\underset{\text{बेन्जाइलिडीन एसीटोन}}{C_6H_5CH = CHCOCH_3} + H_2O$$

(g) *नोवेनजल अभिक्रिया*

$$C_6H_5CH = \boxed{O + H_2}C\begin{matrix} COOH \\ COOH \end{matrix} \xrightarrow[\Delta]{\text{पिरिडीन}}$$

मैलोनिक अम्ल

$$\underset{\text{सिनेमिक अम्ल}}{C_6H_5CH = CHCOOH} + CO_2 + H_2O$$

(h) *एनिलीन के साथ अभिक्रिया* : बेन्जल्डिहाइड, एनिलीन के साथ अभिकृत होकर शिफ क्षार बनाता है।

$$C_6H_5CH = O + \underset{\text{एनिलीन}}{H_2NC_6H_5} \xrightarrow[(-H_2O)]{\text{गर्म}} \underset{\text{बेन्जाइलिडीन एनिलीन (शिफ क्षार)}}{C_6H_5CH = NC_6H_5}$$

*N,N*- डाईमेथिल एनिलीन के साथ क्रिया




(i) *अमोनिया के साथ क्रिया* : बेन्जल्डिहाइड, अमोनिया के साथ अभिक्रिया करके हाइड्रोबेन्जामाइड देता है। $CHO$ के अलावा अन्य एल्डिहाइड, एल्डिहाइड अमोनिया बनाते हैं। $CH_2O$ यूरोट्रॉपीन बनाता है।

$$\begin{matrix} C_6H_5 - CHO \\ C_6H_5 - CHO \end{matrix} + \begin{matrix} H_2NH \\ H_2NH \end{matrix} \xrightarrow{O=CH-C_6H_5}$$

$$\underset{\text{हाइड्रोबेन्जामाइड}}{\begin{matrix} C_6H_5 - CH = N \\ C_6H_5 - CH = N \end{matrix} > CH - C_6H_5}$$

(j) *रिफोर्मेट्स्की अभिक्रिया*

$$\underset{\text{बेन्जल्डिहाइड}}{C_6H_5CH = O} + Zn + \underset{\text{ब्रोमोएथिल एसीटेट}}{Br\overset{\alpha}{C}H_2COOC_2H_5} \longrightarrow$$

$$C_6H_5\underset{\underset{OZnBr}{|}}{CH}CH_2COOC_2H_5 \xrightarrow{H_2O} \underset{\beta\text{-हाइड्रॉक्सी एस्टर}}{C_6H_5 - \underset{\underset{OH}{|}}{CH} - CH_2COOC_2H_5}$$

(k) *बेन्जीन वलय की अभिक्रियाएँ (एरोमैटिक प्रतिस्थापन)*




(4) **उपयोग** : बेन्जल्डिहाइड प्रयुक्त होता है,

(i) सुगन्ध उद्योग में

(ii) रंजक के निर्माण में

(iii) बेन्जोइक अम्ल, सिनेमिक अम्ल, सिनेमल्डिहाइड, शिफक्षार आदि के निर्माण में।

(5) **परीक्षण** : (i) $NaHSO_3$ विलयन के साथ बेन्जल्डिहाइड सफेद अवक्षेप बनाता है।

(ii) 2, 4 डाईनाइट्रोफेनिल हाइड्राजीन के साथ बेन्जल्डिहाइड पीला अवक्षेप बनाता है।

(iii) शिफ अभिकर्मक के साथ बेन्जल्डिहाइड गुलाबी रंग देता है।

(iv) टॉलेन अभिकर्मक के साथ बेन्जल्डिहाइड काला अवक्षेप अथवा रजत दर्पण बनाता है।

(v) बेन्जल्डिहाइड क्षारीय $KMnO_4$ के साथ अभिकृत होकर तत्पश्चात अम्लीकृत होकर ठण्डा करने पर बेन्जोइक अम्ल का सफेद अवक्षेप देता है।

## एसीटोफिनॉन, $C_6H_5COCH_3$, एसीटिल बेन्जीन

(1) **बनाने की विधियाँ**

(i) ***फ्रीडल क्राफ्ट अभिक्रिया*** : एसीटिल क्लोराइड निर्जल एल्यूमीनियम क्लोराइड की उपस्थिति में बेन्जीन से अभिक्रिया करके एसीटोफिनॉन बनाता है।

$$\underset{\text{बेन्जीन}}{C_6H_5\boxed{H + Cl}}\underset{\text{एसीटिल क्लोराइड}}{COCH_3} \xrightarrow{AlCl_3} \underset{\text{एसीटोफिनोन}}{C_6H_5COCH_3} + HCl$$

(ii) कैल्शियम एसीटेट एवं कैल्शियम बेन्जोएट के मिश्रण का आसवन करके

$$\underset{\text{कैल्शियम बेन्जोएट}}{\begin{matrix} C_6H_5COO \\ C_6H_5COO \end{matrix} > Ca} + \underset{\text{कैल्शियम एसीटेट}}{Ca < \begin{matrix} O\overset{O}{\overset{\|}{C}}CH_3 \\ O\underset{O}{\underset{\|}{C}}CH_3 \end{matrix}} \xrightarrow{\Delta}$$

$$2\underset{\text{एसीटोफिनोन}}{C_6H_5\overset{O}{\overset{\|}{C}}CH_3} + 2CaCO_3$$

(iii) बेन्जल्डिहाइड के डाईएजोमेथेन के साथ मेथिलीकरण द्वारा

$$C_6H_5CHO + CH_2N_2 \longrightarrow C_6H_5COCH_3 + N_2$$

(iv) बेन्जोइल क्लोराइड की डाईमेथिल कैडमियम के साथ क्रिया द्वारा

$$2C_6H_5COCl + (CH_3)_2Cd \longrightarrow 2C_6H_5COCH_3 + CdCl_2$$

(v) ***ग्रिगनार्ड अभिकर्मक द्वारा***

(a) $CH_3C \equiv N + C_6H_5MgBr \longrightarrow CH_3\underset{\underset{C_6H_5}{|}}{C} = NMgBr \xrightarrow{H_2O}$

$$C_6H_5COCH_3 + NH_3 + Mg(OH)Br$$

(b) $C_6H_5MgBr + \underset{\text{एथिल एसीटेट}}{H_5C_2O\overset{O}{\overset{\|}{C}}CH_3} \longrightarrow$

$$C_6H_5\overset{O}{\overset{\|}{C}}CH_3 + Mg\begin{matrix} Br \\ OC_2H_5 \end{matrix}$$

(vi) ***औद्योगिक निर्माण*** : एथिल बेन्जीन मैंग्नीज एसीटेट उत्प्रेरक की उपस्थिति में $126^oC$ ताप तथा दाब पर वायु के साथ ऑक्सीकृत होकर एसीटोफिनॉन देती है।



(2) **भौतिक गुण** : यह एक रंगहीन क्रिस्टलीय ठोस है जिसका गलनांक $202^oC$ तथा क्वथनांक $20^oC$ है। इसकी लाक्षणिक विशिष्ट गन्ध होती है। यह जल में अल्पविलेय है। रासायनिक रूप से, यह एसीटोन के समान है।

(3) **रासायनिक गुण** :







(4) **उपयोग :** यह सुगन्ध उद्योग तथा निद्रा उत्पन्न करने की दवा में प्रयुक्त होता है।

### बेन्जोफिनॉन, $C_6H_5COC_6H_5$

(1) **बनाने की विधि**

(i) ***एल्किल बेंजीन से***

$$C_6H_5-CH_2-C_6H_5+2O \xrightarrow{HNO_3} C_6H_5COC_6H_5$$

(2) **भौतिक गुण** : यह रंगहीन, मधुर गंध वाला पदार्थ है।

(3) **रासायनिक गुण** : यह कीटो समूह के विशिष्ट गुण प्रदर्शित करता है किन्तु बाइसल्फाइट यौगिक नहीं बनाता है।

(i) ***अपचयन*** :

$$C_6H_5COC_6H_5+2H \xrightarrow{Na-Hg} \underset{\text{डाईफेनिल कार्बिनॉल}}{C_6H_5.CHOHC_6H_5}$$

(ii) ***क्लेमेनसन अपचयन*** :

$$C_6H_5COC_6H_5 \xrightarrow[HCl]{Zn/Hg} \underset{\text{डाईफेनिल मेथेन}}{C_6H_5CH_2C_6H_5}+H_2O$$

(iii) ***KOH के साथ गलन*** :

$$C_6H_5COC_6H_5+KOH \xrightarrow{\text{गलन}} C_6H_5COOK+C_6H_6$$

$$C_6H_5COC_6H_5+H_2O \xrightarrow[\text{ईथर}]{\text{पोटेशियम टर ब्यूटॉक्साइड}} \underset{\text{बेन्जोइक अम्ल}}{C_6H_5COOH}+C_6H_6$$

## Tips & Tricks

✍ अम्लीकृत $KCrO$ अर्थात् क्रोमिक अम्ल एवं सल्फ्यूरिक अम्ल मिश्रण को जोन्स अभिकर्मक कहते हैं। जब इसे ऑक्सीकारक की तरह प्रयुक्त करते हैं तो $KMnO$ के विपरीत यह द्विबन्ध को प्रभावित नहीं करता है।

$CH=CHCHOH \xrightarrow{KCrO/HSO} CH=CHCHO$

✍ **विल्समेयर अभिक्रिया** : इस अभिक्रिया में एरोमैटिक यौगिक को 2 एमीन तथा $HCOOH$ की उपस्थिति में एरोमैटिक एल्डिहाइड में परिवर्तित किया जाता है।




✍ बेंजल्डिहाइड टॉलेन अभिकर्मक को अपचयित करता है। यह फेहलिंग तथा बेनेडिक्ट विलयन को अपचयित नहीं करता है।

## Ordinary Thinking

### Objective Questions

### एल्डिहाइड एवं कीटोन का परिचय

1. एसीटेल्डिहाइड की हाइड्रोजन सायनाइड के साथ अभिक्रिया के पश्चात् जल अपघटन द्वारा एक यौगिक बनता है, जो दर्शाता है [MP PET 1997]

(a) प्रकाशिक समावयवता (b) ज्यामितीय समावयवता

(c) मध्यावयवता (d) चलावयवता

2. एल्डिहाइड एवं कीटोन के कार्बोनिल समूह में उपस्थित कार्बन परमाणु है [MP PMT 1995; RPET 1999, 2000]

(a) $sp^3$ संकरित (b) $sp^2$ संकरित

(c) $sp$ संकरित (d) असंकरित

3. $CH_3-CH(CH_3)-C(=O)-CH_2-CH_2OH$ का IUPAC प्रणाली में नाम है

(a) 1-हाइड्रॉक्सी 4-मेथिल-3-पेण्टेनॉन

(b) 2-मेथिल 5-हाइड्रॉक्सी 3-पेण्टेनॉन

(c) 4-मेथिल 3-ऑक्सो 1-पेण्टेनॉन

(d) हैक्सेनॉल-1- ओन-3

4. ग्लायऑक्सल है [BVP 2003]

(a) $CH_2O-CH_2O$ (b) $CH_2OH-CH_2OH$ (ऊपर-नीचे बंधित)

(c) $\begin{matrix} CHO \\ | \\ CHO \end{matrix}$ (d) $\begin{matrix} CH_2OH \\ | \\ CHO \end{matrix}$

5. एल्डिहाइड के समावयवी हैं
(a) कीटोन (b) ईथर
(c) एल्कोहल (d) वसा अम्ल

6. निम्न में से किसमें $-OH$ समूह नहीं है [CPMT 1982]
(a) फिनॉल (b) कार्बोक्सिलिक अम्ल
(c) एल्डिहाइड (d) एल्कोहल

7. $CH_3COCH_3$ का IUPAC नाम है [MP PET 1991]
(a) एसीटोन (b) 2-प्रोपेनॉन
(c) डाईमेथिल कीटोन (d) प्रोपेनल

8. यदि एक कार्बोनिल समूह की शेष दो संयोजकतायें दो एल्किल समूह के द्वारा संतुष्ट होती हैं तो यौगिक कहलाता है [CPMT 1990]
(a) एल्डिहाइड (b) कीटोन
(c) अम्ल (d) अम्ल क्लोराइड

9. $CH_3-\overset{OH}{\underset{H}{C}}-CN$ है
(a) एसीटेल्डिहाइड सायनोहायड्रिन
(b) एसीटोन सायनोहायड्रिन
(c) सायनोएथेनॉल
(d) एथेनॉल नाइट्रिल

10. एथेन डाईअल में कौनसा क्रियात्मक समूह है
(a) एक कीटोनिक (b) दो एल्डिहाइडिक
(c) एक द्विबन्ध (d) दो द्विबन्ध

11. $\begin{matrix} R' \\ R \end{matrix}\!\!>C=O$ समूह में कार्बोनिल कार्बन अन्य समूहों से जुड़ा है
(a) दो $\sigma$ एवं एक $\pi$ बन्ध से
(b) तीन $\sigma$ एवं एक $\pi$ बन्ध से
(c) एक $\sigma$ एवं दो $\pi$ बन्धों से
(d) दो $\sigma$ एवं दो $\pi$ बन्धों से

12. पेण्टेनॉन निम्नलिखित में से किस प्रकार की समावयवता दिखलाता है [MP PMT 1995]
(a) श्रृंखला समावयवता (b) स्थान समावयवता
(c) क्रियात्मक समावयवता (d) सभी

13. $CCl_3CHO$ का IUPAC नाम है [MP PMT/PET 1988]
(a) क्लोरल (b) ट्राईक्लोरोएसीटेल्डिहाइड
(c) 1, 1, 1-ट्राईक्लोरोएथेनल (d) 2, 2, 2-ट्राईक्लोरोएथेनल

14. निम्न में से कौनसा मिश्रित कीटोन है [AFMC 1997]
(a) पेन्टेनॉन (b) एसीटोफीनॉन
(c) बेन्जोफिनॉन (d) ब्यूटेनॉन

15. क्लोरल है [CPMT 1976, 84]
(a) $CCl_3CHO$ (b) $CCl_3COCH_3$
(c) $CCl_3COCCl_3$ (d) $CCl_3CH_2OH$

16. कार्बोनिल यौगिक है
(a) ईथर, एल्डिहाइड, कीटोन एवं कार्बोक्सिलिक अम्ल
(b) एल्डिहाइड, कीटोन एवं कार्बोक्सिलिक अम्ल
(c) एल्डिहाइड एवं कीटोन
(d) कार्बोक्सिलिक अम्ल

17. एसीटोन तथा एसीटेल्डिहाइड हैं [KCET 1998]
(a) स्थिति समावयवी (b) क्रियात्मक समावयवी
(c) समावयवी नहीं है (d) श्रृंखला समावयवी

18. निम्न में से कौनसा एल्डिहाइड सबसे अधिक क्रियाशील है [DCE 2004]
(a) $C_6H_5-CHO$ (b) $CH_3CHO$
(c) $HCHO$ (d) सभी समान क्रियाशील हैं

## एल्डिहाइड एवं कीटोन बनाने की विधियाँ

1. अभिक्रिया $HC\equiv CH \xrightarrow[20\%H_2SO_4]{1\%HgSO_4} A \xrightarrow{CH_3MgX} B \xrightarrow{[O]}$ में अन्तिम उत्पाद है [Bihar CEE 2002]
(a) एसीटिक अम्ल (b) आइसोप्रोपिल एल्कोहल
(c) एसीटोन (d) एथेनॉल

2. $R-\overset{O}{\overset{\|}{C}}-Cl \xrightarrow[Pd-BaSO_4]{H_2} P$, अभिक्रिया में $P$ है [CBSE PMT 1991, 2000, 02; Kerala CET 2001; IIT 1992; AIIMS 1997; AFMC 1998]
(a) $RCH_2OH$ (b) $RCOOH$
(c) $RCHO$ (d) $RCH_3$

3. एसीटोफिनॉन किस अभिक्रिया से प्राप्त होता है [CPMT 2003]
(a) रोजेनमुण्ड अभिक्रिया (b) सेण्डमेयर अभिक्रिया
(c) वुर्ट्ज अभिक्रिया (d) फ्रीडल क्रॉफ्ट अभिक्रिया

4. यौगिक, जो ओजोनीकरण पर एसीटोन देता है [UPSEAT 2003]
(a) $CH_3-CH=CH-CH_3$ (b) $(CH_3)_2C=C(CH_3)_2$
(c) $C_6H_5CH=CH_2$ (d) $CH_3CH=CH_2$

5. $CH_3-\underset{\underset{O}{\|}}{C}-CH_2-COOC_2H_5 \xrightarrow[H_2O]{NaOH} A,$
अभिक्रिया में उत्पाद '*A*' है [RPMT 2003]
(a) $CH_3COOH$ (b) $C_2H_5OH$
(c) $CH_3COCH_3$ (d) $C_2H_5CHO$

6. प्रयोगशाला में बेंजीन से प्रतिस्थापन अभिक्रिया द्वारा बनाये जाने वाला यौगिक है [EAMCET 2003]
(a) ग्लाइऑक्सल (b) साइक्लोहैक्सेन
(c) एसीटोफिनॉन (d) हैक्सा-ब्रोमो साइक्लोहैक्सेन

7. कीटोन्स $(R-\underset{\underset{O}{\|}}{C}-R_1)$ जहाँ $R=R_1$ = एल्किल समूह, इसे एक पद में प्राप्त किया जा सकता है [CBSE PMT 1997]
(a) एस्टर में जल अपघटन से
(b) प्राथमिक एल्कोहल के ऑक्सीकरण से
(c) तृतीयक एल्कोहल के ऑक्सीकरण से
(d) अम्ल हैलाइड की एल्कोहल से क्रिया कराने से

8. अभिक्रिया $HC\equiv CH \xrightarrow[HgSO_4]{30\%H_2SO_4} A \xrightarrow{NaOH} B$ में, क्रियाफल $B$ है [CBSE PMT 2001]
(a) $CH_3COONa$ (b) $CH_3COOH$

(c) $CH_3CHO$ (d) $CH_3-\underset{OH}{\underset{|}{CH}}-CH_2CHO$

9. $CH_3COCl \xrightarrow[Pd/BaSO_4]{2H} CH_3CHO + HCl$;

यह क्रिया कहलाती है [JIPMER 1997]

(a) रीमर-टीमेन क्रिया (b) कैनीजारो क्रिया

(c) रोजेनमुण्ड क्रिया (d) रेफॉर्मेट्स्की क्रिया

10. टॉलुईन का क्रोमिल क्लोराइड द्वारा बेन्जल्डिहाइड में ऑक्सीकरण कहलाता है

[CBSE PMT 1996; AFMC 1998, 99; AIIMS 2000; JIPMER 2001; AFMC 2001; DCE 2004]

(a) कैनीजारो क्रिया (b) वुर्ट्ज क्रिया

(c) इटार्ड क्रिया (d) रीमर-टीमेन क्रिया

11. निम्न में से किससे, मेथिल मैग्नीशियम आयोडाइड की क्रिया द्वारा तृतीयक ब्यूटिल एल्कोहल प्राप्त होता है [MP CET 2000]

(a) $HCHO$ (b) $CH_3CHO$

(c) $CH_3COCH_3$ (d) $CO_2$

12. रोजेनमुण्ड क्रिया में प्रयुक्त होने वाला उत्प्रेरक है [Bihar MEE 1997]

(a) $Pd/BaSO_4$ (b) $Zn$-$Hg$ युग्म

(c) $LiAlH_4$ (d) $Ni/H_2$

13. $CH_3-CH_2-C\equiv CH \xrightarrow[H_2O]{R}$ ब्यूटेनॉन, अभिक्रिया में $R$ है

[BHU 2003]

(a) $Hg^{++}$ (b) $KMnO_4$

(c) $KClO_3$ (d) $K_2Cr_2O_7$

14. कैल्शियम एसीटेट को शुष्क गर्म करने पर प्राप्त होता है

[DPMT 1979, 81, 96; NCERT 1981; KCET 1993; Bihar CEE 1995; MNR 1986; MP PMT 1997; MP PET 1993, 95; JIPMER 2002; AIIMS 1996; CPMT 1982, 86, 96, 2003; RPMT 2002]

(a) एसीटेल्डिहाइड (b) एथेन

(c) एसीटिक अम्ल (d) एसीटोन

15. निम्न में उत्पाद $C$ को पहचानिये

$CH_3CN \xrightarrow{Na/C_2H_5OH} A \xrightarrow{HNO_2} B \xrightarrow{\text{टॉलेन अभिकर्मक}} C$

[MP PET 1999]

(a) $CH_3COOH$ (b) $CH_3CH_2NHOH$

(c) $CH_3CONH_2$ (d) $CH_3CHO$

16. $AlCl_3$ की उपस्थिति में किस क्रिया द्वारा एसीटोफिनॉन प्राप्त होता है [AIIMS 1996]

(a) फिनॉल एवं एसीटिक अम्ल

(b) बेन्जीन एवं एसीटोन

(c) बेन्जीन एवं एसीटिल क्लोराइड

(d) फिनॉल एवं एसीटोन

17. आइसोप्रोपिल एल्कोहल ऑक्सीकरण पर देता है [RPMT 1997; BHU 1997]

(a) एसीटोन (b) एसीटेल्डिहाइड

(c) ईथर (d) एथिलीन

18. कैल्शियम एसीटेट एवं कैल्शियम फॉर्मेट को गर्म करने पर बनने वाला उत्पाद है

[DPMT 1984; EAMCET 1985; MP PMT 1996, 92; KCET 1990; CPMT 1979, 82, 84; BIT 1992; RPET 2000]

(a) $CH_3COCH_3$ (b) $CH_3CHO$

(c) $HCHO + CaCO_3$ (d) $CH_3CHO + CaCO_3$

19. ग्रिगनार्ड अभिकर्मक के साथ निम्न में से कौन कीटोन बनाता है [CPMT 1988; MP PET 1997]

(a) फॉर्मेल्डिहाइड (b) एथिल एल्कोहल

(c) मेथिल सायनाइड (d) मेथिल आयोडाइड

20. रोजेनमुण्ड अपचयन में $BaSO_4$ जो $Pd$ उत्प्रेरक के साथ लेते हैं, जो निम्न का कार्य करता है

(a) उत्प्रेरक वर्धक (Promotor)

(b) उत्प्रेरक विष (Catalytic poison)

(c) सहयोग कारक (Cooperator)

(d) अवशोषक (Absorber)

21. एसीटोन के क्लेमेन्सन अपचयन से बनता है

(a) एथेनॉल (b) एथेनल

(c) प्रोपेन (d) प्रोपेनॉल

22. $SnCl_2/HCl$ उत्प्रेरक का उपयोग किसमें किया जाता है [BHU 1995]

(a) स्टीफन अपचयन (b) कैनीजारो अभिक्रिया

(c) क्लेमेन्सन अपचयन (d) रोजेनमुण्ड अपचयन

23. मेथिल एथिल कीटोन बनाने के लिए निम्न में से किस यौगिक को ऑक्सीकृत किया जाता है [IIT-JEE 1987; MP PMT 1992]

(a) 2-प्रोपेनॉल (b) 1-ब्यूटेनॉल

(c) 2-ब्यूटेनॉल (d) $t$-ब्यूटिल एल्कोहल

24. टॉलुईन के ऑक्सीकरण से बेन्जल्डिहाइड को बनाया जा सकता है, इसके द्वारा [BHU 1986]

(a) अम्लीय $KMnO_4$ (b) $K_2Cr_2O_7$

(c) $CrO_2Cl_2$ (d) इन सभी के द्वारा

25. $C_6H_6 + CO + HCl \xrightarrow{\text{निर्जलीय } AlCl_3} X + HCl$, यौगिक '$X$' है [DPMT 1979, 83]

(a) $C_6H_5CH_3$ (b) $C_6H_5CH_2Cl$

(c) $C_6H_5CHO$ (d) $C_6H_5COOH$

26. निम्न में से कौनसी गैस जब $HgSO_4$ की उपस्थिति में $H_2SO_4$ के गर्म तनु विलयन में से प्रवाहित की जाती है तो एसीटेल्डिहाइड बनता है [EAMCET 1986]

(a) $CH_4$ (b) $C_2H_6$

(c) $C_2H_4$ (d) $C_2H_2$

27. $CH_3COCH_3$ प्राप्त हो सकता है, इनकी अभिक्रिया द्वारा [CBSE PMT 1992]

(a) एसीटेल्डिहाइड को मेथेनॉल के साथ गर्म करके

(b) प्रोपिल एल्कोहल के ऑक्सीकरण से

(c) आइसोप्रोपिल एल्कोहल के ऑक्सीकरण

(d) प्रोपियोनिक अम्ल के अपचयन से

28. $HCl$ और $HgSO_4$ की उपस्थिति में प्रोपाइन के जल अपघटन से बनता है [DPMT 1980; CPMT 1983]

(a) एसीटेल्डिहाइड (b) एसीटोन

(c) फॉर्मेल्डिहाइड (d) इनमें से कोई नहीं

29. निम्नलिखित में से कौन $NH_3$ से अभिक्रिया करके एक मूत्र पूर्तिरोधी यौगिक देता है [MP PMT 1999]

(a) $HCHO$ (b) $CH_3CHO$

(c) $C_6H_5CHO$ (d) $C_6H_5CH_2CHO$

30. 2-प्रोपेनॉल का गर्म सान्द्र $HNO_3$ के साथ ऑक्सीकरण उत्पाद है

[JIPMER 1997]

(a) एथेनोइक अम्ल (b) प्रोपेनॉन
(c) प्रोपेनल (d) इनमें से कोई नहीं

